
रांची, मंगलवार, 20 जनवरी 2026
संवत 2082, माघ शुक्लपक्ष 2 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 129 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए आर्थिक सुधारों पर रहेगा फोकस

अक्षय कुमार के काफिले की कार का एक्सीडेंट, ऑटोरिक्शा से हुई टक्कर, 2 घायल ◂◂ 6

# बीजेपी में नए युग की शुरूआत : नितिन नबीन बने भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष,मोदी-शाह ने दी बधाई

## सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संभाली कुर्सी



**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नए अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष चुने जाने पर नितिन नबीन को हार्दिक बधाई। पिछले कई महीनों से संगठन की सबसे छोटी इकाई से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक, पूरी प्रक्रिया शत प्रतिशत लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई है। आज ये प्रक्रिया विधिवत और औपचारिक रूप से संपन्न हो गई है। पूर्व अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से भाजपा का जो विजय रथ चला है, वह अब नितिन नबीन के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। आज हमारी 20 राज्यों में सरकार है।

हमने बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में दूसरी बार सरकार बनाई है। अब पीएम मोदी और नितिन नबीन के नेतृत्व में बीजेपी बंगाल में भी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नितिन जो मूलतः कार्यकर्ता हैं, वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बहुत ही छोटी उम्र में पांच बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में भी विधायक हैं। बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय युवा मोर्चा के महासचिव के रूप में आपको सारे देश का भ्रमण करने का मौका मिला, आपने सारे देश को समझा। नितिन नबीन सिक्किम और छत्तीसगढ़ के भी प्रभारी रहे हैं। इससे पहले पदभार ग्रहण करने से पहले नितिन नबीन ने मंगलवार सुबह विभिन्न धर्म स्थलों में पूजा अर्चना की। श्री नबीन के साथ दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। श्री नबीन सबसे पहले झंडेवालान स्थित शक्ति की देवी माता झंडेवाली के मंदिर जा कर प्रार्थना की । इसके बाद उन्होंने मंदिर मार्ग स्थित श्री बाल्मिकी मंदिर में, बाबा खडगसिंह मार्ग सिंह प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री नबीन ने श्री गुरुद्वारा बंगला साहिब जा कर मत्था टेका। गौरतलब है कि श्री नबीन ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद नामांकन दाखिल किया था और नामांकन पत्रों की जांच के बाद निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की थी कि श्री नबीन के आलावा किसी अन्य नेता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया।

भाजपा के 12वें अध्यक्षः नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सोमवार को हुई नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत सभी राज्यों के सीएम और सीनियर नेताओं ने नितिन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किया था। भाजपा ने 16 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी की थी। नितिन को 14 दिसंबर, 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

**45 साल के नितिन नबीन सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्षः** भाजपा में अब तक 11 नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। 45 साल के नितिन नबीन सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। नितिन की पत्नी दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व को पहचान है कि कौन व्यक्ति काम करने में सक्षम है। हीरे की परख जौहरी को ही होती है। पार्टी ने हीरा चुनकर निकाल लिया। पार्टी के लिए नितिन ने दिन रात मेहनत की। उनकी मेहनत का फल उन्हें मिल गया। नितिन की अध्यक्षता में पार्टी और मजबूत होगी।

नितिन नबीन को पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, कहा-

## वे मेरे बॉस, मैं उनका कार्यकर्ता

### हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के समारोह के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एकत्रित होने से वातावरण उत्साह से भरा हुआ था। भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नबीन को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं नितिन नबीन को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। जब पार्टी की बात आती है,



तो नितिन नबीन मेरे बॉस हैं और मैं एक पार्टी कार्यकर्ता हूं। उनके इस कथन पर उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में कई महीनों से चल रही व्यापक आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाजपा के संविधान का कड़ाई से पालन करते हुए जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष संगठनात्मक पद तक के नेताओं का चुनाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अब औपचारिक रूप से पूरी हो चुकी है और यह पार्टी के मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और कार्यकर्ता-प्रथम दर्शन का प्रमाण है। उन्होंने इस प्रक्रिया में शामिल लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह भव्य संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया भारतीय जनता पार्टी के लोकतांत्रिक विश्वास, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतीक है।

परंपरा से प्रेरित, अनुभव से सशक्तः प्रधानमंत्री मोदी ने आगे इस बात पर जोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व मॉडल उसकी विरासत और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता से मजबूत होता है। उन्होंने कहा इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए मैं देश भर के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं... हमारा नेतृत्व परंपरा से प्रेरित है, अनुभव से समृद्ध है और जनसेवा एवं राष्ट्रीय सेवा की भावना से संगठन को आगे बढ़ाता है।

## बंद मकान से एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले, शरीर पर थे गोलियों के निशान



**सहारनपुर :** सरसावा क्षेत्र की कौशिक विहार कॉलोनी में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद मकान के अंदर एक ही परिवार के पांच लोगों के शव बरामद किए गए। सूचना मिलते ही एसपी देहात पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मकान अंदर से बंद मिला और सभी शवों पर गोली के निशान पाए गए हैं। मृतकों की पहचान अशोक, उनकी पत्नी अंजिता, मां विद्यावती और दो बेटे कार्तिक व देव के रूप में हुई है। अशोक तहसील में अमीन के पद पर तैनात थे। मौके से तीन तमंचे भी बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला सामूहिक आत्महत्या या हत्याझआत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## जीपीओ में पैसा जमा कराने आये एजेंट के बैग से उच्चकों ने उड़ाए डेढ़ लाख

**रांची :** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया। जीपीओ यानी जनरल पोस्ट ऑफिस परिसर में कलेक्शन का पैसा जमा करने पहुंचे एक एजेंट को कुछ उचक्कों ने निशाना बनाया और उसके बैग से करीब डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिये। मिली जानकारी के अनुसार, एजेंट जीपीओ में रुपये जमा करने के लिए लाइन में खड़ा था। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने उसके बैग को ब्लेड से फाड़ दिया। एजेंट को इसकी भनक तब लगी जब बैग हल्का महसूस हुआ। जांच करने पर उसने देखा कि बैग में रखा कैश गायब है। घटना के तुरंत बाद एजेंट ने इसकी सूचना कोतवाली थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने जीपीओ परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि वारदात को किस तरह अंजाम दिया गया, इसकी हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।



## लापता बच्चे की संदिग्ध मौत, घर के पास झाड़ियों में मिला शव,आक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम





मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत राजारायडीह गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीते 24 घंटे से लापता 13 वर्षीय बच्चे का शव मंगलवार की सुबह उसके ही घर के पास स्थित झाड़ियों से बरामद किया गया। मृतक की पहचान प्रकाश राणा के पुत्र अभिनंदन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अभिनंदन सोमवार सुबह करीब 7 बजे शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार के बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। अंततः मरकच्चो थाना में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस भी तत्परता से खोज अभियान में जुट गई थी। बच्चे की तस्वीर और जानकारी सोशल मीडिया व व्हाट्सएप ग्रुपों में साझा की गई। मंगलवार की अहले सुबह गांव के समीप तालाब की ओर शौच के लिए गए ग्रामीणों ने झाड़ियों में एक बच्चे का शव देखा। सूचना मिलते ही ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने पहचान कर ली कि मृतक अभिनंदन ही है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मरकच्चो- बरियाडीह मुख्य मार्ग को शव के साथ जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने- बुझाने में जुटी है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### खड़े ट्रेलर से टकराई तेज रफ्तार टेंपो, चालक की मौत

**जमशेदपुरः** जिले में सोमवार देर रात एक भयानक हादसा हो गया। दरअसल यहां खड़े ट्रेलर के साथ टेंपों की टक्कर हो गई। वहीं इस घटना में टेंपों चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार देर रात साकची थाना क्षेत्र के हाथी-घोड़ा मंदिर के समीप की है। मृतक टेंपो चालक की पहचान 46 वर्षीय मोहम्मद फिरोज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर खराब होने के कारण अंधेरे में सड़क के बीचों बीच खड़ा था। चेतावनी देने के लिए उसमें कोई इंडिकेटर नहीं लगाया गया था। इसी कारण सामने से आ रहा तेज रफ्तार टेंपो ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि चालक सीट में फंस गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल टेंपो चालक को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि चालक के तीन बच्चे है। इधर सूचना मिलने पर साकची थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर और टेंपो को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।



### बकरी चरा कर लौट रही महिला को हाथी ने कुचला, मौत



**गढ़वाः** झारखंड में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन लोगों की बेरहमी से जान ले रहे है। अब ताजा मामला गढ़वा से आया है जहां हाथी ने एक 60 वर्षीय महिला को कुचलकर मार डाला। इन घटनाओं ने लोगों के मन में खौफ पैदा कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना चिनियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेता पंचायत के सिदे गांव की है। मृतक महिला की पहचान 60 वर्षीय महिला जीरवा देवी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जीरवा देवी देर शाम बकरी चरा कर घर लौट रही थी तभी रास्ते में हाथी ने उन पर हमला कर दिया। हाथी ने बेरहमी के साथ जीरवा देवी को पैरों के साथ रौंद -रौंद कर कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इधर सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम व हाथी दल रात भी मौके पर पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर देर रात चिनियां वन कार्यालय लाया गया। वहीं इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में डर और भय का माहौल है।

न्यूज IN ब्रीफ

### ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूर की मौत

**मांडर :** मांडर स्थित आरकेबी ब्रिक्स में ईंट बनाने का काम करने वाले झनेन्द्र साहू 18 वर्ष की रविवार की रात को मिर्गी का दौरा पड़ने के बाद मौत हो गयी। मृतक झनेंद्र साहू पिता सालिक राम छत्तीसगढ़ के ग्राम भरुवा मोड़ा थाना टेनु कोना जिला महासमुंद का रहने वाला था। बताया गया कि झनेंद्र साहू रात करीब 10 बजे मिर्गी का दौरा पड़ने के बाद अपने डेरा के बाहर गेट के समक्ष गिर कर बेहोश हो गया था। परिजन उसे वहां से उठाकर मांडर स्थित निजी अस्पताल ले गये थे। लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक पुरे परिवार के साथ छत्तीसगढ़ से आकर ईंट भट्ठा में काम करता था।

### 500 एमटी क्षमता वाले गोदाम का शिलान्यास



**मुरी :** सिल्ली टुटकी में के कृषि पशु पालन एवं सहकारिता विभाग परियोजना समेकित सहकारी विकास परियोजना, (आईसी डीपी ) के तत्वावधान में विधायक की उपस्थिति में मो फुलको देवी के कर कमलों से शिलान्यास किया गया। कार्य कारिणी एजेन्सी आईसीसी पी कोषांग द्वारा किया जाएगा। विधायक अमित महतो ने मौके पर कहा कि यहाँ पहले 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम हैं ,लेकिन आज 500 एमटी क्षमता वाले गोदाम की जरूरत थी जिसका आज शिलान्यास हो गया । जिसका सकारात्मक परिणाम आएगा। किसान बिचौलियों के चक्कर में न पडे। ठेकेदार रेहान ने बताया कि, 16 डीसमील जमीन पर गोदाम शिलान्यास के बाद शुरू कर दिया जाएगा। चार महीने में पूरा हो जाएगा। पुरा काम 60 लाख के लागत से बनेगी। इस मौक पर सिल्ली पूर्व के जिप सदस्या लक्ष्मी देवी, पति ए महतो लैम्प अध्यक्ष सुरेश सिह मुंडा, गोपाल कोई र, सचिव धनीराम महादानी, नुतन देवी, अजय कोई र, बबुधेशवर कोईरी, केशव कोईरी, पांडे महतो राजेश महतो समेत टुटकी के ग्रमीण मौजूद थे।

### पंचायत सहायकों का जिला स्तरीय वनभोज सह मिलन कार्यक्रम संपन्न



**डोमचांच :** प्रखंड अंतर्गत प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण परतांगो जंगल में जिला स्तरीय पंचायत सहायक संघ कोडरमा द्वारा आम बैठक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों से आए पंचायत सहायकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संगठनात्मक एकता और शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सहायक संघ के सचिव महेश कुमार यादव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत सहायकों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर सामूहिक विचार- विमर्श करना, संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा भविष्य की रणनीति तय करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत सहायकों को उचित, स्थायी एवं सम्मानजनक मानदेय दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठी। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में पंचायत सहायकों की भूमिका अहम है, बावजूद इसके उन्हें आज भी न्यूनतम सुविधाओं और अस्थिर मानदेय में कार्य करना पड़ रहा है। सम्मेलन के दौरान संगठन को एकजुट रखने, सभी प्रखंडों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा दो गुटों में बंटे पंचायत सहायकों को एक मंच पर लाने पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही एक मजबूत जिला स्तरीय कोर कमेटी गठित कर आंदोलनात्मक रणनीति तैयार करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गौतम कुमार पांडे, जिला कोषाध्यक्ष प्रसन्नराज टुना, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव कुमार, डोमचांच प्रखंड सचिव वीरेंद्र कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष तुलसी पंडित सहित गुड़िया कुमारी, बबीता कुमारी, हिमेश कुमार, विजय कुमार यादव, सीताराम प्रसाद, सुधीर कुमार, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, किशोर कुमार, संजीत कुमार, रोशन कुमार यादव, राजेश कुमार यादव, प्रकाश यादव, भागीरथ साहू, विनय कुमार राणा, त्रिभुवन पांडे, लखन पासवान, मंटू कुमार यादव, जीतू थापा, दिनेश कुमार, प्रकाश कुमार समेत बड़ी संख्या में पंचायत सहायकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बैठक के पश्चात वनभोज कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारा, संवाद और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया गया।

### पदयात्रा पर निकले भावेश परमार का बरकट्ठा में भव्य स्वागत



**बरकट्ठा :** धनबाद के झरिया स्थित श्याम मंदिर से राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम धाम तक पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु भावेश कुमार परमार का रविवार देर शाम बरकट्ठा आगमन हुआ। अटूट आस्था, दृढ़ संकल्प और बाबा श्याम के प्रति अगाध भक्ति के साथ जारी यह पदयात्रा अपने चौथे दिन में प्रवेश कर चुकी है। बरकट्ठा पहुँचने पर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने आवास पर भावेश परमार का भव्य स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह जानकी प्रसाद यादव ने स्वयं तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर तथा मंगलकामनाओं के साथ पदयात्री को खाटू धाम की ओर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भावेश के साहस, श्रद्धा और संकल्प की मुक्त कंठ से सराहना की तथा बाबा श्याम से उनकी यात्रा के सकुशल पूर्ण होने की कामना की। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, बालेश्वर यादव, समाजसेवी दर्शन सोनी, संतोष कुमार यादव, बैजनाथ दास, रामप्रसाद यादव, शमीम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दावोस से झारखंड को बड़ी सौगात

# अब राज्य बनेगा उद्योगों का हब, टाटा स्टील 11,000 करोड़ का करेगा निवेश

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से स्वीडन-इंडिया बिजनेस काउंसिल की मुख्य प्रतिनिधि की मुलाकात



**संवाददाता**

**रांची :** विश्व आर्थिक मंच दावोस के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने टाटा स्टील के शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान टाटा स्टील ने झारखंड में न्यू एज ग्रीन स्टील टेक्नोलॉजी के तहत कुल 11,000 करोड़ रुपये के निवेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसे लेकर आशय पत्र एवं सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस निवेश के अंतर्गत हिरसाना ईजी एंड मेल्ट टेक्नोलॉजी में 7,000 करोड़ रुपये, कॉम्बी मिल परियोजना में 1,500 करोड़ रुपये तथा टिनप्लेट विस्तार परियोजना में 2,600 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। ये सभी परियोजनाएं पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन स्टील तकनीक पर आधारित होंगी, जिनमें नीदरलैंड और जर्मनी की उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

टिकाऊ औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखण्ड सरकार टिकाऊ औद्योगिक विकास, स्वच्छ तकनीक और स्थानीय रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। टाटा स्टील के साथ यह साझेदारी राज्य की औद्योगिक क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साथ-साथ झारखण्ड को हरित औद्योगिक परिवर्तन का अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह निवेश न केवल राज्य के खनिज-आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती देगा, बल्कि ग्रीन एनर्जी और जलवायु-अनुकूल विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों को भी गति प्रदान करेगा।

हिताची कंपनी का निवेश प्रस्ताव और उन्नत अवसंरचनाः हिताची कम्पनी ने विद्युत, उच्च स्तरीय ग्रिडिंग एवं उन्नत अवसंरचना के लिए निवेश पर अपना प्रस्ताव दिया है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा मुख्यमंत्री को व्हाइट बैज प्रदान किया गया तथा मुख्यमंत्री की ओर से सहयोग का औपचारिक पत्र सौंपा गया। यह सहयोग डब्लू ई एफ के उत्कृष्टता केंद्रों के अनुरूप तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- क्रिटिकल मिनरल्स एवं नई ऊर्जा, तथा जलवायु और जैव विविधता संरक्षण। राज्य सरकार का विजन 2050 व्यापक रूप से डब्लू ई एफ की समावेशी समाज की अवधारणा के साथ पूर्णतः मेल खाती है। इस सहभागिता के माध्यम से सीख, ज्ञान-विनिमय और क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में एक सार्थक और दीर्घकालिक साझेदारी की कोशिश की जाएगी। वहीं पिछले वर्ष झारखण्ड सरकार के स्वीडन के आधिकारिक यात्रा का प्रतिफल भी सामने आया है। स्वीडन ने अर्बन ट्रांसपोर्ट में निवेश को लेकर बातचीत को आगे बढ़ाया है। इसको लेकर स्वीडन और भारत के बीच अप्रैल में संभावित सहयोग और निवेश के लिए राउंड टेबल मीटिंग आयोजित किया जाएगा।

वुमन लीडर्स फोरम से मुलाकात : बैठक में मुख्यमंत्री की स्वीडन की उन कंपनियों से भी मुलाकात हुई, जिनसे स्वीडन की यात्रा के दौरान पिछले वर्ष बातचीत हुई थी। वल्ड विमन लीडर्स फोरम के प्रतिनिधियों से हुई मुलाकात जिसमें महिला राजनीतिक नेतृत्व को सशक्त बनाने, विशेषकर हाशिये पर रहने वाले वर्गों से आने वाली महिलाओं के लिए झारखण्ड सरकार के साथ एक सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की गयी। साथ ही, भारत चैप्टर की स्थापना तथा सभी राजनीतिक दलों की महिला प्रतिनिधियों के लिए एक साझा और गैर-दलीय मंच के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसमें संवाद, क्षमता निर्माण और सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सोरेन एवं आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ टाटा स्टील के एमडी एवं सीईओ टीवी. नरेंद्रन, स्वीडन इंडिया बिजनेस काउंसिल की चीफ इंडिया रिप्रेजेंटेटिव सेसिलिया ओल्डने, वुमन पॉलिटिकल लीडर्स फोरम की अध्यक्ष सिलवाना कोच-मेहरिन, विश्व आर्थिक मंच (डब्लू ईएफ) से विराज मेहता, हिताची इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख भारत कौशल, एवं टेक महिंद्रा के आईएमईए डिवीजन के प्रमुख एवं अध्यक्ष साहिल धवन बैठक में शामिल हुए।

## सहायक आचार्य परीक्षा 2023

# द्वितीय दस्तावेज सत्यापन सूची की मांग को लेकर जेपीएसएससी कार्यालय में हंगामा



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा-2023 के सामाजिक विज्ञान कक्षा 6 से 8 के अभ्यर्थियों ने सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय में पहुंचकर विरोध जताया। करीब दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने आयोग से नियमावली 2022 के अनुरूप द्वितीय दस्तावेज सत्यापन सूची जारी करने की मांग की।

रॉ मार्क्स के आधार पर सूची जारी करने की मांगः अभ्यर्थियों का कहना है कि कई उम्मीदवारों ने निर्धारित उत्तीर्ण प्रतिशत से अधिक रॉ मार्क्स प्राप्त किए हैं, इसके बावजूद उनका नाम दस्तावेज सत्यापन सूची में शामिल नहीं किया गया। उनका दावा है कि वर्तमान में रॉ मार्क्स के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित पदों की तुलना में काफी कम है।

पद रिक्त रहने की जताई आशंकाः अभ्यर्थियों ने बताया कि नियमानुसार पदों के अनुपात में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाना चाहिए, ताकि योग्य शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित हो सके। उनका कहना है कि ऐसा नहीं होने पर कई पद रिक्त रह सकते हैं।

पहले भी की जा चुकी है आपत्ति : अभ्यर्थियों के अनुसार इस विषय पर वे पहले भी आयोग को आवेदन सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे उनमें असंतोष और मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है, खासकर वे अभ्यर्थी जो आयु-सीमा के अंतिम पड़ाव पर हैं।

अभ्यर्थियों ने संयुक्त आवेदन के माध्यम से आयोग के सचिव से नियमावली 2022 के अनुरूप रॉ मार्क्स में सफल सभी उम्मीदवारों की दूसरी दस्तावेज सत्यापन सूची शीघ्र जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होगी और कोई पद खाली नहीं रहेगा। सचिव के बयान पर नाराजगीः अभ्यर्थी राहुल कुमार और सिकंदर कुमार ने बताया कि जब उन्होंने इस मुद्दे पर दबाव बनाया तो आयोग के सचिव ने हाईकोर्ट जाने की बात कही। इस पर अभ्यर्थियों ने सवाल उठाया कि यदि हर बार परीक्षा के बाद कोर्ट जाना पड़े, तो आयोग की भूमिका पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

### हिंडालको सीएसआर का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**संवाददाता**

**मुरी :** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में सिल्ली प्रखंड के पिस्का और बंसारूली पंचायत भवन में शंकर नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के पिस्का पंचायत में लगभग 221 और बंसारूली पंचायत में लगभग 275 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई गई। शिविर का उद्घाटन हिंडालको कारखाना प्रमुख संदीप पाटिल तथा सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर हिंडालको के एचआर हेड अभिषेक प्रताप सिंह के साथ अनिल सिंह, भरत सिंह सहित कंपनी के अन्य अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत के मुखिया एवं जनप्रतिनिधि आए। इस अवसर पर प्लांट हेड संदीप पाटिल ने कहा कि हिंडालको द्वारा प्रत्येक वर्ष सिल्ली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इस प्रकार के नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें, जो किसी कारणवश नियमित जांच या इलाज नहीं करा पाते हैं। उन्होंने बताया कि शंकर नेत्रालय देश के प्रतिष्ठित नेत्र अस्पतालों में से एक है और इसके माध्यम से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हिंडालको का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा सकें और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### चुरी युवा संघ का वनभोज कार्यक्रम



**खलारीः** चुरी सपही नदी में चुरी युवा संघ की ओर से सोमवार को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मजदूर नेता आदेश गंझू तथा झामुमो के प्रखंड एवं युवा नेता प्रदीप कुमार भोगता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वनभोज कार्यक्रम का आयोजन बीएमएस चुरी संघ के रंजीत सिंह एवं चुरी युवा संघ के विशाल पासवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने युवाओं से एकजुट होकर सामाजिक समरसता बनाए रखने और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।इस अवसर पर रंजीत सिंह, आदेश गंझू, प्रदीप भोगता, विशाल कुमार, पप्पू कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा, अजय सिंह, दिनेश पासवान, मनोज केशरी, सत्या साव, निकू, विकास, अविनाश, विदेशी, राजेश, राजू, गुड्डु, बबलू, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखण्ड अंतर्गत मिसिर होटांग,हाकेदाग गांव में ठंड को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंदों के बीच समाजसेवी सत्येंद्र बेदिया और रविंद्र बेदिया के प्रयास से 120 कंबल वितरण का किया गया। कंबल पाकर बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष काफी खुश दिखे। बताते चले कि सत्येंद्र बेदिया अपने आने वाले दिनों में भी जरूरतमंद सामग्री वितरण करने का प्रयास करेंगे।

# अर्चना -चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बैडमिंटन लीग सीजन-6 की विजेता बनी सुविधा सुपरनोवास



**संवाददाता**

**रांची :** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा द्वारा आयोजित अर्चना-चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बैडमिंटन लीग, सीजन-6 का खिताब सुविधा सुपरनोवास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सुविधा सुपरनोवास ने रांची स्मैशर्स को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

लीग के दूसरे एवं अंतिम दिन प्रारंभिक चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इनमें सीए रिंकू खेमका एवं सीए मनीषा बियानी की टीम सुविधा सुपरनोवास, सीए सुरेंद्र विश्वकर्मा की टीम रांची स्मैशर्स, सीए भुवनेश कुमार ठाकुर की टीम रांची टॉरनेडोज तथा सीए अभिनव कुमार की टीम मार्वल रॉयल वारियर्स शामिल थीं।

पहले सेमीफाइनल में रांची स्मैशर्स ने मार्वल रॉयल वारियर्स को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सुविधा सुपरनोवा ने रांची टॉरनेडोज को 4-1 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धी रहा, लेकिन सुविधा सुपरनोवा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रांची स्मैशर्स को हराकर अर्चना झ्र चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बैडमिंटन लीग, सीजन-6 का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को आईसीएआई रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस लीग की सफलता आने वाले वर्षों में इसके आगामी सीजनों के आयोजन के लिए एक मिसाल साबित होगी। इस अवसर पर क्ष्अक रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए अनीश जैन, कोषाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, कार्यकारिणी सदस्य सीए दिलीप कुमार, कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व सीएफओ सीए सुनील मेहता, पूर्व रीजनल काउंसिल सदस्य सीए मनीषा बियानी, रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए राज कुमार, सीए धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, सीए विनय विभाकर, फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सीए रणजीत गारोडिया तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, रांची के प्रतिनिधि उपस्थित थे।दो दिवसीय इस बैडमिंटन लीग के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आईसीएआई रांची शाखा के सचिव सीए भुवनेश कुमार ठाकुर ने लीग के संयोजक सीए श्रीकांत शर्मा, मेंटर सीए चंदन कुमार तथा सभी आठों टीमों के मालिकों को आयोजन की शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में 150 से अधिक चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# टेक महिंद्रा ने झारखंड में एआई, डेटा सेंटर और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में निवेश का रखा प्रस्ताव

## आईटी पार्क, स्किल डेवलपमेंट और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा

मेट्रो रेज

**दावोस / स्विट्जरलैंड/रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन तथा झारखण्ड सरकार के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल को शाहिल धवन, हेड एंड प्रेसिडेंट आईएमईए डिवीजन टेक महिंद्रा ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान ग्लोबल आईटी कंपनी टेक महिंद्रा ने टेक महिंद्रा लाउंज में आमंत्रित किया। इस अवसर पर झारखण्ड के आईटी और डिजिटल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई।



बैठक के दौरान टेक महिंद्रा ने झारखण्ड में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में निवेश का प्रस्ताव रखा। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि झारखंड शीघ्र ही ऊर्जा-सरप्लस राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है और चूंकि एआई एवं डेटा सेंटर जैसी उन्नत तकनीकी संरचनाओं को बड़े पैमाने पर ऊर्जा की आवश्यकता होती है, ऐसे में टेक महिंद्रा अंडरग्राउंड एनर्जी स्टोरेज सहित उन्नत ऊर्जा समाधान विकसित करने में राज्य सरकार के साथ सहयोग कर सकती है।

टेक महिंद्रा ने राज्य में प्रस्तावित आईटी पार्क की रूपरेखा को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक भागीदार के रूप में साथ आने की भी इच्छा व्यक्त की। इसके साथ ही कंपनी ने झारखण्ड में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावना पर भी सकारात्मक रुख दिखाया। इस प्रकार का जीसीसी आईटी सेवाओं, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, माइनिंग रिसर्च, फाइनेंस, कस्टमर सर्विस और डिजिटल इनोवेशन जैसे वैश्विक कार्यों का संचालन स्थानीय प्रतिभाओं के माध्यम से करेगा, जिससे झारखण्ड को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी।

शिक्षा और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में टेक महिंद्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कंपनी उच्च शिक्षा, स्कॉलरशिप और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े अनेक कार्यक्रम संचालित करती है। कंपनी ने राज्य के भीतर और बाहर झारखण्ड के युवाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने का प्रस्ताव रखा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने राज्य में स्थापित आईटीआई संस्थानों को अधिक रोजगार और बाजारोन्मुख बनाने की दिशा में टेक महिंद्रा से सहयोग का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सशक्त साझेदारी से ही युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सकता है।यह बैठक झारखंड को आईटी, डिजिटल इनोवेशन, निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अत्यंत सकारात्मक और महत्वपूर्ण दिशा निर्धारित करेगी।

# रांची के स्वर्णरेखा नदी में बहने से दो बच्चों के लापता होने की सूचना



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची से एक दुखद घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार रांची के एक क्षेत्र में स्वर्णिरेखा नदी में नहाने/खेलने के दौरान दो बच्चे तेज बहाव में बह गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस तथा बचाव दल द्वारा नदी में बच्चों की तलाश शुरू कर दी गई है।एक बच्चे को निकाल लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी में पानी का बहाव काफी तेज था, जिसके कारण बच्चे खुद को संभाल नहीं पाए। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## आजसू की बैठक में डोरंडा महाविद्यालय की कमेटी का किया गया विस्तार



**रांचीः** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक आज डोरंडा महाविद्यालय में संपन्न हुई । बैठक में डोरंडा महाविद्यालय के कमेटी का विस्तार किया गया। छात्र नेता अमन साहू के नेतृत्व में कॉलेज कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अविनाश कुमार कॉलेज का अध्यक्ष एवं उदय महतो महासचिव बनाया गया । बैठक में कॉलेज कमेटी मजबूती छात्रहित एवं कॉलेज में व्याप्त समस्याओं पर विचार विमर्श और आजसू चरणबद्ध आंदोलन के तहत आने वाले दिन विश्विद्यालय म तालाबंदी करने का काम करेगी । इस बैठक में मुख्य रूप से अमन साहू, प्रियंशी कुमारी, जरीन परवीन, रौनक कुमार, अनुराग कुमार, रिया छेत्री, कृति कुमारी, शिवम कुमार, प्रिया कुमारी एवं कृष्णा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गिरिडीह में 1.78 करोड़ की चांदी बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**गिरिडीहः** जिले में 25 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से 1.78 करोड़ रुपये मूल्य की चांदी जब्त की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को राजधनवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन जांच अभियान के दौरान उस व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने कहा, ह्यह्यहमें गुप्त सूचना मिली थी कि एक गिरोह चांदी की खेप बेचने की कोशिश कर रहा है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने हजरत अंसारी नामक व्यक्ति को चांदी की खेप के साथ गिरफ्तार किया।'' उन्होंने बताया, अंसारी के पास से दो बैग में रखे 32.5 किलोग्राम वजन के चांदी के छह पिघले हुए बिस्कुट और लगभग तीन किलोग्राम वजन के चांदी के अन्य आभूषण जब्त किए गए।''

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अंसारी जब्त सामग्री को चार पहिया वाहन में ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.78 करोड़ रुपये आंका गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राजधनवार थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बुंडू में भीषण सड़क हादसा, खड़े ट्रेलर से टकराया हाइवा, चालक की मौत

**रांचीः** बुंडू के दशम फॉल थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव के पास मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में पीछे से तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दशम फॉल के थाना प्रभारी प्रशांत गौरव ने बताया कि घटना अहले सुबह की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना मंगलवार सुबह करीब 3:30 से 4 बजे के बीच की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक बुधन लाल उरांव का शव केबिन में बुरी तरह दब गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगवाकर घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।



ट्रेलर चालक जितेंद्र ने बताया कि मुलतानी मिट्टी लादकर ओडिशा जा रहे थे। इसी दौरान रात के करीब 1.30 बजे गाड़ी का ब्रेक डाउन हो गया। चालक ने बताया कि उसने सड़क पर उतरकर टॉर्च की लाइट में गाड़ियों को बगल से पार करने का सिग्नल देने शुरू कर दिया। इसी बीच सुबह 4 बजे तेज गति से आती हाइवा दिखा। ऐसा लगा जैसे हाइवा के चालक को नींद आ रही थी। कुछ समझ पाता कि उसने ट्रेलर में टक्कर मार दी। ट्रेलर के चालक ने बताया कि किसी तरह उसने झाड़ियों की तरफ कूदकर अपनी जान बचाई।

हादसे के बाद सड़क के एक हिस्से में लंबा जाम लग गया। हालांकि सड़क चार लेन की होने के कारण दूसरे लेन से वाहनों को निकाला गया, जिससे आवागमन आंशिक रूप से बहाल रहा। लेकिन हादसे के करीब चार घंटे के भीतर दोनों गाड़ियों को सड़क से हटा दिया गया। फिलहाल दशम फॉल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि अक्सर इस एनएच पर हादसे होते रहते हैं।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–दीक्षा सिंह, उम्र–25 वर्ष, ऊॅचाई–5 फीट, 4 ईंच, रंग–गोरापहनावा–पीला रंग का सूट एवं क्रिम कलर का जैकेट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता दीक्षा सिंह, उम्र–25 वर्ष, पिता–भूपेन्द्र कुमार सिंह, सा0–मानसरोवर नगर, गुटवा कटहल मोड़, थाना–नगड़ी, जिला–रॉंची जो दिनांक–02.01.2026 को घर से पूजा करने को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में दलादली टी0ओ0पी0 सनहा संख्या– 09 /2026, दिनांक–02.01.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आव यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती / दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, रॉंची। – 9431706142
थाना प्रभारी दलादली टी0ओ0पी0, रॉंची। – 9431706157

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR.NO.371050 Police(25-26):D


# मेधा निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन

## 54 यूनिट रक्त हुआ संग्रह रक्तदान महादानः सुदेश महतो







मेट्रो रेज

**रांचीः** स्मृति शेष आनंद कुमार के 54वें जन्मदिवस के अवसर एच एम पब्लिक स्कूल चुटिया में मेधा स्वास्थ्य सह रक्तदान शिविर का आयोजन सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च एक्टिविटी इन झारखंड स्वराज द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष आजसू पार्टी व पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्त दान महादान होता है। एक यूनिट रक्त से 4 लोगों की जान बचाई जा जा सकती है। स्वराज के माध्यम से पिछले पांच वर्षों से जो स्वास्थ्य शिविर आनन्द कुमार की याद में किया जा रहा है यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की स्वास्थ्य सेवा करना समाज में एक बड़ी उपलब्धि है। विशिष्ट अतिथि डॉ सुदेश कुमार साहू, डीन, छात्र कल्याण संकाय, रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह एचएम पब्लिक स्कूल का नाम है उसी तरह समाज सेवा में भी आप लोग बहुत अग्रसर हैं। डॉ शेखर चौधरी ( काजल) अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रांची, कि एक विद्यालय शिक्षा के साथ गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा भी करती है। मैं इस अवसर पर प्रति वर्ष आता हूँ, मुझे इस तरह के शिविर में आना अच्छा लगता है। डॉ अशोक कुमार वैद्य, नेफ्रोलॉजिस्ट ने कहा कि लोगों की सेवा रक्त दान करने के सह नेत्र चिकित्सा एवं उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ शिवानन्द प्रसाद, गिरधारी महतो, डॉ अजय कुमार महतो, प्रदीप कुमार जैन, अमरदीप वर्मा, सज्जाद आलम, कौशिक चांद, रणधीर कुमार कौशिक, मुकेश कुमार सिंह, सत्येंद्र दुबे, विजय कुमार, जनक महतो, कैलाश कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च एक्टिविटी इन झारखण्ड (स्वराज) की ओर से किया गया जिसमें है। रिम्स रांची के डॉ कविता देवघरिया एवं डॉ उमेश कुमार सिंह के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कुल 54 यूनिट रक्त दान किया गया। भगवान महावीर नेत्र अस्पताल, बरियातू के सहयोग से डॉ प्रिंस राज डॉ रश्मि कुमारी के टीम के सहयोग से 220 लोगों नेत्र जांच किया गया। दंत परीक्षण श्री टूथ केअर की डॉ शिप्रा साह घोष एवं उनके टीम द्वारा किया गया। कुमार डायग्नोस्टिक सेंटर लोअर चुटिया की विश्व भारती एवं उनके टीम के द्वारा मधुमेह जांच बी पी जांच किया गया। वेदांता हॉस्पिटल मकचुंद टोली के द्वारा साधारण रोग, महिला रोग, पुराने बीमारियों की जांच डॉ आदित्य नारायण सिंह एवं उनके टीम के द्वारा किया गया। इस शिविर से सैकड़ों लोग लाभ लिए। कल्पतरु के डॉ राम सिंह द्वारा पीजियोथेरेपी किया गया। विद्यालय द्वारा चार विशेष छात्रों को विशिष्ट सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें प्रिंस कुमार महतो, दीप सेन, दीपिका कुमारी, प्रिंस कुमार थे।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा 53 लोगों के बीच कम्बल व स्वेटर वितरण किया गया।

विदित हो कि स्मृति शेष आनंद कुमार खुद रक्तदाता, सोशल एक्टिविस्ट के साथ एच एम पब्लिक स्कूल के संस्थापक में से एक रहे हैं जो कोविर्ड काल में गुजर गए, आनन्द सर का इस वर्ष 54 वां अवतरण दिवस है, कार्यक्रम का संचालन अंजली सेन द्वारा किया गया जबकि स्वागत भाषण अरविंद कुमार प्राचार्य द्वारा किया गया, रंजीत कुमार द्वारा आनन्द कुमार की जीवनी के बारे बतलाया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीलम डंहगा ने किया। कार्यक्रम कुमार कमलेश, पूनम, संयुक्ता देवी, अनामिका सिंह, रणजीत कुमार, सती सिन्हा, बासुदेव कुमार, रवि प्रकाश गोप, संगीता चौहान, सुप्रभा , मनीषा, सरिता, शुभम, पुनीत, सुजाता, पुष्पा, सोनी, सरोज, जया, काजल, ज्योति, सुमन, संतोषी, नीलम, शोभा, कल्पना, मीना, प्रीति, बीना, मुनी मुंडा, ममता देवी, पुष्पा, महावीर, मंटू, सुमित, विकाश, मनीष, गौतम, नीलेश, मंजू, पुष्पा, रानी, के साथ बहुत लोगों का योगदान से शिविर को सफल किया गया।


### झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय
उप कारा, खूँटी

अति अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना
HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-1/2026/200

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जी, चिकेन, पनीर, हरा मटर, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय / आपूर्ति के निमित्त ई॰–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2026 से 31.03.2026 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय– 20.01.2026 से 27.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 20.01.2026 से 27.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि–दिनांक–28.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। दिनांक–28.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि / समय / स्थान– तिथि–29.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त / स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 370985 Prison (25-26)_D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

### उच्च शिक्षा व अनुसंधान के लिए बजट की न हो कमी

वैश्विक उच्च शिक्षा परिदृश्य में हाल ही जो बदलाव आया है, वह चौंकाने वाला है। दशकों तक अकादमिक उत्कृष्टता और वैश्विक रिसर्च नेतृत्व का डंका बजाने वाली अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का शीर्ष स्थान से फिसल कर तीसरे स्थान पर लुढ़क जाना बड़ी बात है। हालांकि इसके आसार डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुनकर आने और यूनिवर्सिटी को मिलने वाले अनुदान पर टेढ़ी नजर दिखाने के बाद से नजर आने लगे थे। अब ये आसार वास्तविक रूप में दुनिया के सामने है। जबकि चीन की झेजियांग यूनिवर्सिटी का टॉप पर पहुंचना, कडियों को जोड़ते जाएंगे तो अनपेक्षित नहीं लगेगा। यह उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान पर उसके लगातार गहन फोकस का नतीजा है। रिसर्च आधारित ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग में झेजियांग यूनिवर्सिटी को उसके प्रकाशित शोधों, वैज्ञानिक लेखों की संख्या और उन पर मिलने वाले साइटेशन के आधार पर शीर्ष यूनिवर्सिटी के तमगे से नवाजा गया है। चीन ऐसा कैसे कर पाया, यह भी सबके सामने है। उसकी मेहनत, योजना, दूरदृष्टि और लक्ष्य हमेशा स्पष्ट रहे। राह से कहीं भी विचलन व भटकाव न आए, इसके लिए उसने धन की बिल्कुल भी कमी नहीं आने दी। रैंकिंग में इसे भी इंगित किया गया है कि चीन ने इस दौरान उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए काफी बड़े निवेश निरंतर किए। यह एक पहलू है, जिस पर भारत को भी सोचना चाहिए। भारत का कोई भी उच्च शिक्षण या तकनीकी संस्थान दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में शुमार नहीं है। आइआइटी दिल्ली 123वें, बॉम्बे 129वें और आइआइटी मद्रास 180वें नंबर पर हैं। जब विश्व के तमाम देश उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए बजट बढ़ा रहे हैं, तब भारत में इस मद का बजट जीडीपी के 0.82 प्रतिशत से घटकर 0.64 फीसदी हो चुका है। साल 2020 से 2024 के बीच ही 1500 करोड़ रुपए की कटौती हुई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बजट पर भी बड़ी मार पड़ी है। बजट की कमी से सिर्फ तात्कालिक तौर पर संभव होने वाले अनुसंधान ही बाधित नहीं होते, इससे भविष्य में सामने आने वाली प्रतिभाओं का मोहभंग भी होता है। लोग इस क्षेत्र में आने से कतराते हैं। देश के बड़े-बड़े शिक्षाविद् इस ओर ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। कई उच्च शिक्षण संस्थाओं के क्लास रूम्स और प्रयोगशालाओं तक की स्थिति दयनीय है। इनके सहारे किसी को टक्कर दे पाना संभव नहीं है। दुनिया के शीर्ष देशों और उनके संस्थानों के समक्ष ठहर पाने और उनके साथ प्रतिस्पर्द्धा के योग्य बनने के लिए इन सभी पहलुओं पर गहन और गंभीर विचार विमर्श कर कदम उठाए जाने की जरूरत है। देश ने नई शिक्षा नीति में इस बाबत कुछ प्रावधान किए हैं। हालांकि इनकी संख्या और गति दोनों बढ़ाने होंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समुचित बजट आवंटन से रिसर्च के साथ-साथ प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### सजा के सख्त प्रावधानों से ही जहरीली दवा पर अंकुश

**तमाम सख्ती** के बावजूद कफ सिरप में जहरीले रसायन के इस्तेमाल से बच्चों की जान जा रही हो तो चिंता होना स्वाभाविक है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में पिछले दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे जिनमें कफ सिरप में जहर ने बच्चों को मौत की नींद में सुला दिया था। खतरनाक पहलू यह है कि तीन महीने पहले छिंदवाड़ा और बैतूल में जिस कफ सिरप के सेवन से दो दर्जन से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई थी, उसी कंपोजिशन की सिरप मध्यप्रदेश में लगातार बिकती रही। इस सिरप में इंडस्ट्रियल केमिकल एथलीन ग्लायकॉल मिला है जो कोल्ड्रिफ कफ सिरप में भी पाया गया था। लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गाडियों के इंजन को ठंडा रखने वाले कूलेंट में इस्तेमाल होने वाला केमिकल मिला सिरप पूरे प्रदेश में बिकता रहा। तेलंगाना सरकार ने अपने यहां बैन लगाने का नोटिस राज्यों को भेजा, तब जाकर मध्यप्रदेश में इसकी बिक्री पर रोक लगाई गई। मुद्दे की बात यह है कि बच्चों की मौत के बाद भी ऐसी दवाओं पर तुरंत पाबंदी क्यों नहीं लगाई गई? क्या जिम्मेदारों की नजर में मासूमों की जान की कोई कीमत नहीं है? पिछले साल पूरे देश में दर्जनों कफ सिरप में जहरीले रसायन पाए गए, जिनसे मुख्य रूप से बच्चों और कुछ बड़ों की मौत हुई। मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज हुई, जहां एक ही दवा से दो दर्जन से ज्यादा बच्चे मारे गए। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले उजागर हुए, लेकिन कार्रवाई नाममात्र की रही। कंपनियां बंद की गईं, कुछ फार्मा कंपनियों के मालिकों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन सिस्टम में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। सवाल है कि जांच में सब-कुछ पता चलने के बावजूद कंपनियों पर स्थायी कार्रवाई क्यों नहीं होती? कुछ दिन के दिखावे के बाद वही कंपनियां फिर दवाओं की आपूर्ति शुरू कर देती हैं। आखिर राज्य के दवा नियंत्रक इन पर लगाम क्यों नहीं लगा पा रहे। सरकार की तरफ से भी प्रभावी कार्रवाई की कमी दिखती है। हाल ही सर्वोच्च न्यायालय में इस पर जनहित याचिका दायर हुई, जिसमें केंद्रीय जांच की मांग की गई, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई का आदेश दिया।

नकली या अमानक दवाओं से किसी की मौत एक तरह से हत्या का अपराध है। मौत का कारोबार करने वाले दोषियों पर हत्या का मुकदमा क्यों नहीं चलाया जाता? दरअसल, भ्रष्टाचार का जाल इतना गहरा है कि सरकारी अस्पतालों तक में अमानक दवाएं पहुंच रही हैं। दुकानों से लेकर अस्पतालों तक, कमीशन के लालच में मरीज की जान की परवाह नहीं की जाती। दुनिया के दूसरे देशों में नकली दवाओं को लेकर सजा के कठोर प्रावधान हैं। अमानक व मिलावटी दवाओं पर लगाम लगाने के लिए सख्त जांच तंत्र बनाया जाना चाहिए। नियमित जांच के साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई का संदेश देना जरूरी है।

# वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए आर्थिक सुधारों पर रहेगा फोकस

**संगठन ने सुझाव दिया है कि साल 2031 तक सरकारी कर्ज को जीडीपी के 50 फीसदी के दायरे में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2027 तक राजकोषीय घाटे यानी कमाई और खर्च के अंतर को घटाकर 4.2 फीसदी तक लाने का लक्ष्य रखने की बात कही गई है। उसने यह भी प्रस्ताव दिया है कि सरकार को 3 से 5 साल की एक ठोस वित्तीय योजना तैयार करनी चाहिए। इस योजना में कमाई, खर्च और कर्ज का पूरा ब्यौरा होना चाहिए। इससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी और लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। संगठन ने कहा है कि भारत में टैक्स-जीडीपी अनुपात फिलहाल 17.5 फीसदी है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। उसने टैक्स चोरी से निबटने के लिए आधुनिक तकनीक जैसे एआइ और डिजिटल टूल्स का सहारा लेने का भी सुझाव दिया है।**

**मधुरेन्द्र सिन्हा**

पिछला बजट भारत के करदाताओं के लिए एक सुनहरा बजट था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए तक कर दी थी और यह देश की 40 करोड़ मिडिल क्लास जनता के लिए बड़ा सरप्राइज था। अब सामने है 2026 का बजट, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने हाल ही उद्योगपतियों, अर्थशास्त्रियों तथा अन्य संबद्ध लोगों से चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 2047 की ओर भारत की विकास यात्रा के मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया। विकसित भारत को समग्र राष्ट्र की आकांक्षा बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य सरकार की नीतियों में परिलक्षित होता है। उन्होंने वैश्विक क्षमता निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में सुधारों पर बल दिया। दूसरी ओर अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने मैन्युफैक्चरिंग और सेवाओं के क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। स्पष्ट है कि आगामी बजट में दो बड़ी बातें होंगी। एक तो अन्य टैक्सों में बदलाव तथा दूसरा आर्थिक सुधार। यह अनुमान लगाना कठिन है कि कौन से अन्य टैक्स घटेंगे या उन्हें फिर से क्या स्वरूप दिया जाएगा। लेकिन वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए तथा अमरीकी-यूरोपीय दबाव के मद्देनजर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाई जा सकती है। एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कुछ बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। एक्सपोर्टर्स को कुछ नए इंसेटिव भी दिए जा सकते हैं। टैक्स इंसेटिव के जरिये देश में बचत बढ़ाने की भी बात की गई है। अर्थशास्त्रियों ने बजट घाटा कम करने के लिए बजट में व्यवस्था करने पर भी जोर दिया है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर संतुलित पूंजीगत खर्च और ग्रोथ को बनाए रखने की सलाह दी है। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती अमरीकी टैरिफ है जो इस समय 50 फीसदी है। इसके अभी और बढ़ने की भी आशंका है। राष्ट्रपति ट्रंप इस समय दुनिया के लगभग सभी देशों पर तरह-तरह के दबाव डाल रहे हैं। भारत को अभी से ही आने वाले वक्त के लिए तैयार रहना होगा और इसलिए इस बजट की बहुत अहमियत है।

हमारे एक्सपोर्टर जिनमें टेक्सटाइल उद्योग और जेम उद्योग हैं, बहुत कठिनाई में हैं। सरकार इनके लिए बजट में कुछ बड़े कदम उठा सकती है। भारत अपने कस्टम ड्यूटी ढांचे को सरल बनाना चाहता है। इस सिलसिले में आगामी बजट में सरकार ड्यूटी स्लैब को पांच या छह तक सीमित करना चाहेगी। इससे ड्यूटी संबंधी कई तरह के विवाद खत्म हो जाएंगे। देश की जरूरतों के हिसाब से इम्पोर्ट ड्यूटी में बदलाव किए जा सकते हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने बजट से अपनी प्रमुख उम्मीदें रखी हैं, जिसमें तेजी से कर अपील, सरल टीडीएस नियम, सीमा पार आपूर्ति शृंखलाओं के लिए स्पष्टता और देरी और विवादों को कम करने के लिए लक्षित सीमा शुल्क सुविधा की मांग की गई है। फिक्की ने आयकर आयुक्तों (अपील) के समक्ष अपीलों के एक बड़े बैकलॉग को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि लंबित मामले और अवरुद्ध रिफंड करदाताओं और सिस्टम पर दबाव डालते हैं। इसी तरह सीआइआइ ने कहा है कि देश की आर्थिक सेहत के लिए कर्ज पर लगाम लगाना जरूरी है। संगठन ने सुझाव दिया है कि साल 2031 तक सरकारी कर्ज को जीडीपी के 50 फीसदी के दायरे में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2027 तक राजकोषीय घाटे यानी कमाई और खर्च के अंतर को घटाकर 4.2 फीसदी तक लाने का लक्ष्य रखने की बात कही गई है। उसने यह भी प्रस्ताव दिया है कि सरकार को 3 से 5 साल की एक ठोस वित्तीय योजना तैयार करनी चाहिए। इस योजना में कमाई, खर्च और कर्ज का पूरा ब्यौरा होना चाहिए। इससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी और लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। संगठन ने कहा है कि भारत में टैक्स-जीडीपी अनुपात फिलहाल 17.5 फीसदी है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। उसने टैक्स चोरी से निबटने के लिए आधुनिक तकनीक जैसे एआइ और डिजिटल टूल्स का सहारा लेने का भी सुझाव दिया है। ऐसा करने से टैक्स भरने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी और सरकारी खजाने में ज्यादा राजस्व जमा हो पाएगा।

**वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए आर्थिक सुधारों पर रहेगा फोकस :** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने बजट से अपनी प्रमुख उम्मीदें रखी हैं, जिसमें तेजी से कर अपील, सरल टीडीएस नियम, सीमा पार आपूर्ति शृंखलाओं के लिए स्पष्टता और देरी और विवादों को कम करने के लिए लक्षित सीमा शुल्क सुविधा की मांग की गई है।

पिछला बजट भारत के करदाताओं के लिए एक सुनहरा बजट था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए तक कर दी थी और यह देश की 40 करोड़ मिडिल क्लास जनता के लिए बड़ा सरप्राइज था। अब सामने है 2026 का बजट, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने हाल ही उद्योगपतियों, अर्थशास्त्रियों तथा अन्य संबद्ध लोगों से चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 2047 की ओर भारत की विकास यात्रा के मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया। विकसित भारत को समग्र राष्ट्र की आकांक्षा बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य सरकार की नीतियों में परिलक्षित होता है। उन्होंने वैश्विक क्षमता निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में सुधारों पर बल दिया। दूसरी ओर अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने मैन्युफैक्चरिंग और सेवाओं के क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए।

स्पष्ट है कि आगामी बजट में दो बड़ी बातें होंगी। एक तो अन्य टैक्सों में बदलाव तथा दूसरा आर्थिक सुधार। यह अनुमान लगाना कठिन है कि कौन से अन्य टैक्स घटेंगे या उन्हें फिर से क्या स्वरूप दिया जाएगा। लेकिन वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए तथा अमेरिकी-यूरोपीय दबाव के मद्देनजर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाई जा सकती है। एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कुछ बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। एक्सपोर्टर्स को कुछ नए इंसेटिव भी दिए जा सकते हैं। टैक्स इंसेटिव के जरिये देश में बचत बढ़ाने की भी बात की गई है। अर्थशास्त्रियों ने बजट घाटा कम करने के लिए बजट में व्यवस्था करने पर भी जोर दिया है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर संतुलित पूंजीगत खर्च और ग्रोथ को बनाए रखने की सलाह दी है। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती अमरीकी टैरिफ है जो इस समय 50 फीसदी है। इसके अभी और बढ़ने की भी आशंका है। राष्ट्रपति ट्रंप इस समय दुनिया के लगभग सभी देशों पर तरह-तरह के दबाव डाल रहे हैं।

# विमानन में अधिक प्रतिस्पर्धा की जरूरत

**विमानन विस्तार के साथ बढ़ता एकाधिकार : यात्रियों की संख्या की दृष्टि से विमानन क्षेत्र के विस्तार का संकेत तो मिलता ही है, जब वर्ष 2023 में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा एक हजार से अधिक विमान खरीदने के ऑर्डर दिया गया तो दुनिया चकित रह गई। गौरतलब है कि प्रारंभिक दौर में इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के कारण हवाई किराये बहुत कम थे और एक बार तो ऐसा अवसर आया कि हवाई यात्रा और रेल यात्रा के बीच प्रतिस्पर्द्धा शुरू हो गई। ऐसे में यात्रियों को सुविधा भी मिली और किफायत भी हुई।**

**डा. अश्विनी महाजन**

**बढ़ती** जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय, बढ़ती मध्यम वर्ग की संख्या, बदलता जनसंख्या का स्वरूप और युवाओं की बढ़ती आबादी, स्टार्टअप और उद्यमिता का विकास, सरकारी कर्मचारियों की बेहतर होती आर्थिक स्थिति समेत कई ऐसे कारण रहे, जिसके कारण वायु यात्रा की मांग में वृद्धि होती रही। विमानन को गति देने में सरकारी नीतियां भी सहायक रही। निजी क्षेत्र को एयरपोर्ट बनाने हेतु प्रोत्साहन, नीतिगत सरलता आदि सभी ने भारत के विमानन क्षेत्र को नए पंख दे दिए। भारत में घरेलू यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही और पिछले वर्ष 2024 में यह संख्या 16.13 करोड़ यात्री रही। यदि अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को मिला लें तो कुल 37.6 करोड़ यात्रियों ने भारत में यात्रा की। अकेले मार्च 2025 में यह संख्या 145 लाख तक पहुंच चुकी थी। पिछले 11 वर्षों में एयरपोर्टों की संख्या 2014 में 74 से बढ़ती हुई अभी तक 160 से अधिक पहुंच चुकी है। वायु मार्ग के यात्रियों की संख्या की दृष्टि से भारत आज दुनिया में तीसरे स्थान पर है। निजीकरण के दौर में विमानन क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एयर इंडिया के एकाधिकार के समाप्त होने के बाद, देश में निजी विमानन कंपनियों का दौर आया। इसके साथ ही विमान यात्रा, जो केवल धनी लोगों की पहुंच में थी, अब आम आदमी की पहुंच में आ गई। कैप्टन गोपीनाथ, जो एक मध्यमवर्गीय परिवार से आते थे, विमानन क्षेत्र में निजी क्षेत्र के हस्ताक्षर के रूप में स्थापित हो गए और उनकी कंपनी एयर डैक्कन किफायती एयर लाईन के रूप में स्थापित हो गई। हालांकि विमान किरायों को सीमित करने के उद्देश्य से विमान यात्रा के दौरान भोजन सुविधा आदि में कटौती की गई थी, लेकिन साथ ही साथ जहां किराया 5000 से 10000 रुपए तक होता था, अब उसी यात्रा के लिए किराया 1000 रुपए से 2500 रुपए तक सीमित हो चुका था। धीरे-धीरे कर अधिक कंपनियां विमानन क्षेत्र में आने लगी थी। दुनिया में विमानन उद्योग की बारीकियों को भारत के नए उद्यमी समझ चुके थे। बढ़ती जीडीपी और बढ़ती क्रय क्षमता ने विविध क्षेत्रों में मांग को बढ़ाया ही, विमान यात्रा की मांग भी उससे अछूती नहीं थी। छोटे शहरों में भी आबादी बढ़ी और कई शहर जिसमें आबादी पहले कम थी, अब वहां भी आबादी पहले ज्यादा बढ़ चुकी थी। 2001 में भारत में 35 शहर ऐसे थे जहां आबादी 10 लाख या उससे अधिक थी, लेकिन आज ऐसे शहरों की संख्या बढकर 75 से 80 हो चुकी है।

विमानन विस्तार के साथ बढ़ता एकाधिकार : यात्रियों की संख्या की दृष्टि से विमानन क्षेत्र के विस्तार का संकेत तो मिलता ही है, जब वर्ष 2023 में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा एक हजार से अधिक विमान खरीदने के ऑर्डर दिया गया तो दुनिया चकित रह गई। गौरतलब है कि प्रारंभिक दौर में इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के कारण हवाई किराये बहुत कम थे और एक बार तो ऐसा अवसर आया कि हवाई यात्रा और रेल यात्रा के बीच प्रतिस्पर्द्धा शुरू हो गई। ऐसे में यात्रियों को सुविधा भी मिली और किफायत भी हुई। एक तरफ भारत में विमानन क्षेत्र में विस्तार अभूतपूर्व है, तो दूसरी तरफ एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी क्षेत्र, अब एकाधिकार में बदलता जा रहा है। इस क्षेत्र में कुछ कंपनियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। कोविड महामारी के दौरान विमानन कंपनियों की आर्थिक सेहत बिगड़ी। इस समस्या से इंडिगो और एयर इंडिया और उसकी सहयोगी विमानन कंपनियां तो निपट पायी, लेकिन गो-फर्स्ट और स्पाइसजेट इन दो कंपनियों को भारी नुकसान हुआ। गो फर्स्ट एयरलाइंस, जो 8 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ भारत की चौथी सबसे बड़ी एयरलाइन थी, वित्तीय मुश्किलों के कारण दिवालिया हो गई। हालांकि, शुरूआत में इसकी मुश्किलें वित्तीय से ज्यादा तकनीकी थीं, जिसके लिए इंजन सप्लाई करने वाली कंपनी प्रैत एंड व्हाइटनी इंजीन्स मुख्य रूप से जिम्मेदार रही। यह कंपनी एयरबस ए-320 नियो एयरक्राफ्ट के लिए इंजन सप्लाई करती है। गो फर्स्ट को कंपनी द्वारा सप्लाई किए गए इंजन की दिक्कतों की वजह से अपने कई जहाज ग्राउंड करने पड़े। इन सब की वजह से कंपनी को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। अपनी देनदारियों को चुकाने में नाकाम रहने की वजह से दिवालियापन की प्रक्रिया शुरू हो गई और 3 मई 2023 से गो फर्स्ट ने अपनी उड़ानें रोक दीं। इस दिवालिया कानून के चलते अत्यंत शीघ्रता से गो फर्स्ट कंपनी दिवालिया घोषित हो गई, लेकिन स्पाईसजेट भारी संकटों के बावजूद अपने व्यवसाय को बचाने में सफल रही। इस कंपनी ने अपनी उधारी को काफी हद तक समायोजित तो कर लिया लेकिन इस बीच इस कंपनी का भारतीय विमानन बाजार में हिस्सा 12.6 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.5 प्रतिशत ही रह गया। यानी स्थिति यह है कि दो बड़ी विमानन कंपनियों, जिनका हिस्सा क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत था, उनमें से एक तो बाजार से बाहर हो गई, और दूसरे का हिस्सा घटकर बहुत कम रह गया। इसका असर यह हुआ कि टाटा समूह की विमानन कंपनियों का हिस्सा 27 प्रतिशत और इंडिगो का हिस्सा 65 प्रतिशत तक बढ़ गया। इन दोनों कंपनियों के अलावा स्पाइसजेट समेत शेष सभी विमानन कंपनियों का हिस्सा मात्र 8 प्रतिशत ही रह गया है। विमानन क्षेत्र में बढ़ते एकाधिकार ने बड़ी कंपनियों को अपने किराये बढ़ाने का अवसर दे दिया। दिल्ली, मुंबई का विमान किराया जो पहले 3500 से 4000 रुपए तक पहुंच गया था, बढकर 6000 से 7000 रुपए हो गया। इसी प्रकार अन्य सेक्टरों में भी किराया बेतहाशा बढ़ने लगा। इस बात की शिकायत बार-बार होती रही है, लेकिन न तो सरकार और न ही नियामक संस्थान (नागरिक उड्डयन महा निदेशक) इसका कोई उपाय कर पाए। लेकिन हाल ही में विमानन कंपनियों में एकाधिकार का विषय तेजी से संज्ञान में आया, जब पायलटों के काम के घंटे निश्चित करने का एक पुराना नियम सख्ती से लागू किया गया और जिसके चलते इंडिगो एयर लाईंस को अपनी हजारों फ्लाईटें रद्द करनी पड़ी। इससे यात्रियों को असुविधा तो हुई ही, साथ ही सरकार और नियामक संस्थान पर भी सवालिया निशान लगने शुरू हुए कि इन कंपनियों को अपना बाजार हिस्सा इस स्तर तक बढ़ाने की अनुमति कैसे दे दी गई, कैसे कुछ मार्गों में एक ही कंपनी का एकाधिकार बढ़ गया और उनकी अपनी गलती से रद्द की गई उड़ानों के बाद उन्होंने कैसे महंगी दरों पर एयर टिकट बेचकर मुनाफा कमाने की कोशिश की? ऐसे में देश के सामने एक अवसर है कि विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाया जाए, ताकि यात्रियों को उसका लाभ हो।

# पुरुषार्थ की आवश्यकता

**श्रीराम शर्मा**

**चिंतन-मनन**

सूक्ष्मशरीरधारियों का वर्णन और विवरण पुरातन ग्रंथों में विस्तारपूर्वक मिलता है। यक्ष और युधिष्ठिर के मध्य विग्रह तथा विवाद का महाभारत में विस्तारपूर्वक वर्णन है। यक्ष, गंधर्व, ब्रह्मराक्षस जैसे कई वर्ग सूक्ष्मशरीरधारियों के थे। विक्रमादित्य के साथ पांच वीर रहते थे। शिव जी के गण वीरभद कहलाते थे। भूत-प्रेत, जिन्न, मसानों की अलग ही बिरादरी थी। अलादीन का चिराग जिसने पढ़ा है, उन्हें इस समुदाय की गतिविधियों की जानकारी होगी। छायापुरुष-साधना में अपने निज के शरीर से ही एक अतिरिक्त सत्ता गढ़ ली जाती है और वह एक समर्थ अदृश्य साथी-सहयोगी जैसा काम करती है। इन सूक्ष्मशरीरधारियों में अधिकांश का उल्लेख हानिकारक या नैतिक दृष्टि से हेयस्तर पर हुआ है। संभव है, उन दिनों अतृप्त, विक्षुब्ध स्तर के योद्धा रणभूमि में मरने के उपरांत ऐसे ही कुछ हो जाते रहे हों। उन दिनों युद्धों की मार-काट ही सर्वत्र संव्याप्त थी, पर साथ ही सूक्ष्मशरीरधारी देवर्षियों का भी कम उल्लेख नहीं है। राजर्षि और ब्रह्मर्षि तो स्थूलशरीरधारी ही होते थे, पर जिनकी गति सूक्ष्मशरीर में भी काम करती थी, वे देवर्षि कहलाते थे। वे वायुभूत होकर विचरण करते थे। लोक-लोकांतरों में जा सकते थे। जहां आवश्यकता अनुभव करते थे, वहां भक्तजनों का मार्गदर्शन करने के लिए अनायास ही जा पहुंचते थे। ऋषियों में से अन्य कइयों के भी ऐसे उल्लेख मिलते हैं। वे समय-समय पर धैर्य देने, मार्गदर्शन करने या जहां आवश्यकता समझी है, वहां पहुंचे, प्रकट हुए हैं। पैरों से चलकर जाना नहीं पड़ा है। अभी भी हिमालय के कई यात्री ऐसा विवरण सुनाते हैं कि राह भटक जाने पर कोई उन्हें उपयुक्त स्थल तक छोडकर चला गया। कईयों ने किन्हीं गुफाओं में, शिखरों पर अदृश्य योगियों को दृश्य तथा दृश्य को अदृश्य होते देखा है। थियोसोफिकल सोसायटी की मान्यता है कि अभी भी हिमालय के ध्रुव केंद्र पर एक ऐसी म्मंडली है, जो विश्वशांति में योगदान करती है, इसे उन्होंने अदृश्य सहायक नाम दिया है। यहां स्मरण रखने योग्य बात यह है कि यह देवर्षि समुदाय भी मनुष्यों का ही एक विकसित वर्ग है। योगियों, सिद्धपुरुषों और महामानवों की तरह वह सेवा-सहायता में दूसरों की अपेक्षा अधिक समर्थ पाया जाता है। पर यह मान बैठना गलती होगी कि वे सर्वसमर्थ हैं।

## आपके पत्र

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है।

दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने हेतु कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

**मनीष बंसल,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# लंबित मामलों में शीघ्र प्रतिशपथ पत्र दायर करने समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम आगामी राजकीय माघी पूर्णिमा मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई। मेला के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके पश्चात सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों में शीघ्र प्रतिशपथ पत्र दायर करने समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जबकि कारा व न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था तथा जिला सुरक्षा समिति से संबंधित बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।जिला टास्क फोर्स खनन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत खनन मापी प्रतिवेदनों के आधार पर जहां अवैध अथवा निर्धारित क्षेत्र से बाहर खनन पाया वहां संबंधित मामलों में खनन पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा में हिट एंड रन मामलों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाने पर बल दिया गया।इसके अतिरिक्त फॉरेस्ट क्लियरेंस से संबंधित मामलों तथा भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में निमार्णाधीन तालाब, चेक डैम एवं जिर्णोधार से जुड़े कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अमर जॉन आइन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है : अभिषेक



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के 19वें दिन साहिबगंज जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनमानस के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित बुकलेट व पंपलेट का वितरण किया गया। वहीं राहवीर योजना हिट एंड रन मुआवजा योजना से जुड़ी जानकारियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में सहायता प्रदान करने हेतु नागरिकों को प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस जागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर नेक नागरिक की भूमिका निभाएँ और बहुमूल्य जीवन की रक्षा करें।जबकि एम.भी.आई. कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### पैसे लेन देन के विवाद में गोलीबारी

**साहिबगंज :** बीते रत्रि बोरियो थाना क्षेत्र के बड़ा रक्सो पंचायत भवन के समीप मारपीट और गोलीबारी का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद में पहले मारपीट शुरू हुई। इस दौरान संजू मड़ैया उम्र 20 वर्ष को गोली मार दी जिसमें से युवक की घटना स्थल पर ही मौत गई। सूचना मिलते ही बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार अपने बलदल के साथ घटनास्थल पहुंचे वही पहुंचते ही युवक के शव को जब्त कर लिया है। वहीं मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इधर युवक की हत्या से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक पोस्टमार्टम प्रक्रिया जारी थी। इस संबंध में थाना पभारी ने बताया कि मामला जो भी हो अपराधी को नहीं बक्शा जायेगा इसके लिए रात से ही छापामारी दल गठित कर अपराधिय को पकड़ने के लिए छापामारी लगातार कर रहे हैं।बहुत जल्द ही गिरफ्तारी की जएगी। और मामला का खुलासा किया जाएगा।

### जर्जर तार से जनता परेशान हादसे का दे रहा है दस्तक



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के गंगा प्रसाद पश्चिम पंचायत के छोटी कोदरजन्ना में जर्जर विद्युत तार हादसों को आमंत्रण दे रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो 40-50 वर्ष पुराना बिजली का तार जगह-जगह से जर्जर हो चुका है। आये दिन कहीं ना कहीं तार टूट कर गिरता रहता है। जिससे अब तक कई लोग हादसे का शिकार होने से बच चुके हैं। लोगों का कहना है कि इतने वर्षों बाद भी बिजली विभाग ने कभी इलाके के तार नहीं बदले। लोगों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों को बदलने की मांग की है । और कहां है कि विद्युत विभाग को ग्रामीणों के द्वारा कई बार इस मामले को लेकर विद्युत विभाग के उच्च पदाधिकारी को भी सूचना दी गई है फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।अगर कोई बड़ी दर्घटना हो जाएगी तब विभाग का ध्यान टूटेगा यह बात भी सोचने वाली है वह सब छोड़िए नेताओं का भी कोई ध्यान नहीं है सिर्फ वोट लेने के समय बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। जीतने के बाद भुल जाते हैं। जनता जाऐ तो जाऐ कहा।

### बालिग बेटी ने मारुति हेंब्रम से इकरारनामा के माध्यम से विवाह रचाया

**साहिबगंज :** जिलाअधिवक्ता संघ परिसर में दुमका जिला अंतर्गत गोपीकंदर के गंगू हसदा का पुत्र राजेश हसदा ने साहिबगंज जिला अंतर्गत सूची बरहेट के कहाराम हेंब्रम की बालिक पुत्री मारुति हेंब्रम से इकरारनामा के माध्यम से विवाह रचाया है। इस मौके पर वर वधु पक्ष के माता-पिता के अलावा ग्रामीण लोग भी मौजूद थे।बताते चले की पूर्व में मारुति हेंब्रम साहिबगंज डीएलएसए में पीएलभी रह चुकी है।दोनों वर वधु के अधिवक्ता कुमार अभ्युदय झा ने विवाह संपन्न कराया और नोटरी विजय कारण के द्वारा संपन्न किया गया।

### 6 से कक्षा 9 में नामांकन के लिए कल से भरा जाएगा आवेदन पत्र

**दुमका :** उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका (प्लस टू जिला स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका)में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 मे नव नामांकन के लिए 22 जनवरी 2026 से आवेदन पत्र भरा जा सकता है। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने बताया कि आवेदन पत्र 22 जनवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक ऑफ लाइन या ऑनलाइन भरा जा सकता है। श्री राजहंस ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 10 मार्च 2026 को आयोजित होगा। कहा कि प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित छात्रों का आरक्षण रोस्टर के अनुसार 18 मार्च से 27 मार्च 2026 तक नामांकन लिया जाएगा। 1 अप्रैल 2026 से नए सत्र का आरम्भ हो जाएगा।श्री राजहंस ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम का एक उत्कृष्ट विद्यालय है। यहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा शिक्षण के नई पद्धति एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से अध्यापन कार्य किया जाता है। यहाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सभी साधन उपलब्ध है। बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल हमेशा उत्कृष्ट रहता है। यहाँ के छात्र उत्कृष्ट शिक्षाग्रहण के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं ।

## चोरी के एक बड़े मामले का हुआ उद्भेदन, पुलिस पर बढ़ा विश्वास



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** नगर थाना पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले का सफल उद्भेदन करते हुए आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है पुलिस अधीक्षक साहिबगंज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जिसमें ट्रेन से सामान चोरी कर उसकी खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है।जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हबीबपुर पाइप रोड में एक व्यक्ति द्वारा ट्रेनों में चोरी किए गए सामानों की खरीद-बिक्री की जा रही है।सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल नगर थाना एवं आरपीएफ साहिबगंज की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए एसपी ने स्पष्ट कहा था। कि मामले को गंभीरता से लेते हुए हर हाल में आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।निर्देश के आलोक में गठित छापेमारी दल ने हबीबपुर पाइप रोड स्थित एक घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी की पत्नी नगमा परवीन उम्र करीब 26 वर्ष पति अखिलेश कुमार भगत के घर से बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन ईयर बड्स पावर बैंक घड़ियां चांदी के जेवरात तथा विभिन्न प्रकार के सर्जिकल आइटम जब्त किए।इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 07/26 दिनांक 19 जनवरी 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही पूरे गिरोह को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।इस सफल कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और कार्यशैली की सराहना की है लोगों का कहना है।कि पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश और नगर थाना पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में डर का माहौल बना है, वहीं आम जनता का पुलिस के प्रति भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है।

## वाहन दुर्घटना में एक की मौत कई घायल



### शामपुर गांव के करीब हुई हादसा स्कॉर्पियो हुआ क्षतिग्रस्त

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ के शामपुर गाँव के करीब, सोमवार को तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पंद्रह फिट गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में चालक शक्ति महतो की मौत हो गई वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की माने गोड्डा जिला के ललमटिया थाना क्षेत्र के सिमड़ा गांव निवासी राधे मिर्धा 50 किशन मिर्धा 18 प्रदीप मिर्धा 32 महेश उरांव 55 संदीप मिर्धा 35 बमबम मिर्धा 30 एवं शिवम कुमार साह 30 सभी स्कॉर्पियो में सवार होकर राजमहल श्राद्ध कर्म में जा रहे थे। इसी दौरान शामपुर के समीप तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो का टायर फट गया। जिससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पंद्रह फिट गड्ढे में गिर कर पलटी मार दी, दुर्घटना बहुत ही भयावह थी। दुर्घटना में चालक सहित सभी सातों यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर बोरियो थाना में सेवारत एएसआई सुधीर तिवारी, देवेंद्र साहू सहित अन्य पुलिस बल घटना स्थल पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए बोरियो सीएचसी पहुंचाया गया। जिसके बाद सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार, डॉ. रोहित गोंड, डॉ. विनोद कुमार के द्वारा जांच-उपरांत वाहन चालक शक्ति मिर्धा को मृत घोषित कर दिया गया एवं गंभीर रूप से घायल तीन व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले में थाना प्रभारी रोहित कुमार, एएसआई विरम मरांडी, प्रभाशंकर दुबे सहित अन्य पुलिस बल घटना स्थल पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गए।

### एसकेएमयू में परीक्षा परिणाम घोषित

**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम.एड. सेमेस्टरझ3 परीक्षा 2024 (सत्र 2023झ25), बी.बी.ए./बी.सी.ए. सेमेस्टरझ 5 परीक्षा 2024 (सत्र 2022झ25), बी.लिब. सेमेस्टरझ2 परीक्षा 2025 (सत्र 2024झ25) तथा यू.जी. सेमेस्टरझ4 (ओल्ड कोर्स) स्पेशल परीक्षा 2024 के परिणाम जारी किए गए हैं। घोषित परिणामों में एम.एड. सेमेस्टर-3 एवं बी.बी.ए./बी.सी.ए. सेमेस्टरझ 5 में 100 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित हुए हैं, जबकि बी.लिब. सेमेस्टर-2 में 93.43 प्रतिशत तथा यू.जी. सेमेस्टर-4 (ओल्ड कोर्स) स्पेशल परीक्षा में 97.54 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा माह पर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में शहर के आर०एल० सर्राफ उच्च विद्यालय देवघर परिसर में सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन शिव कुमार तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या जुली प्रसाद उपस्थित थे।

इसके अलावा ह्लसावधानी की पाठशालाह्व के अवसर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में मातृ मंदिर उत्कृष्ट विद्यालय, देवघर के पुजा कुमारी ने प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मोहनपुर के प्रीति कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा आर० एल० सर्राफ उच्च विद्यालय, देवघर के फैजल आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में श्रीकान्त जयसवाल एवं बेबी कुमारी शामिल रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने तेज एवं लापरवाह वाहन परिचालन के दुष्परिणाम, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता, विचलित ड्राईविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरा तथा ह्लरफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ के संदेश पर प्रकाश डाला गया । समापन पर सड़क सुरक्षा के नारों के साथ जागरूकता का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा, सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, प्रधान लिपिक त्रिलोक नाथ मिश्रा, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक, प्रविंद कुमार, आईङ्क टीङ्क सहायक अजय कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार ने किया, जबकि मंच संचालन श्रीकान्त जयसवाल ने किया।

## रेक लोडिंग बंद होने से मजदूर भूखमरी के कगार पर



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** रेलवे हिल साइट में पत्थर रेक लोडिंग यार्ड रेक लोडिंग जिले भर में पूर्ण बिराम सा लग चुका है।पत्थर व्यवसायियों द्वारा रेक लेडिंग पर रोक स्थानीय मजदूरों के लिए जीवन पर बड़ा असर डालती नजर आ रही है।भारी संख्या में मजदूर इन्हीं रेक लोडिंग यार्ड में पत्थरों की लोडिंग कर अपना जीवन यापन कर रहे है और अचानक लोडिंग पर रोक लगने से मजदूर मुखमरी के कगार पर आने लगेंगे।मजदूरों का कहना है कि रोजाना लोडिंग कर मजदूरी के पैसे से अपना परिवार का पेट पालते है,वर्षों से पत्थर रेक लोडिंग के काम से सैकड़ो की संख्या में सुबह 4 बजे से ही लोडिंग के लिए पहुँचते है और दिन भर लोडिंग करके शाम को मजदूरी लेकर घर पहुँचते है कभी देर रात भी हो जाती है रोज कमाने खाने वाले गरीब लोग काम बन्द हो जाने से परेशानी में पड़ चुके है।ऐसे में इन गरीब मजदूरों की जिम्मेवारियां कौन उठाएगा ये बड़ा सवाल है।हलाँकि रेलवे से जिले वासियों की सुविधाओं के लिए विभिन्न प्रकार की माँगे की गई है।जिन शर्तो को अगर रेलवे पूरा करेगी तो रेक लोडिंग फिर से सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा।

## यह अभियान पूरे देश में एक साथ संचालित किया जा रहा है : अखिल

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला वं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन विशेष मध्यस्थता अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन 2.0 का जिले भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।यह महत्वाकांक्षी अभियान भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता व सुलह परियोजना समिति द्वारा संकल्पित किया गया है।जिसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों की पहचान कर उन्हें मध्यस्थता के माध्यम से सुलहपूर्वक व शीघ्र निपटारे की दिशा में आगे बढ़ाना है। यह अभियान पूरे देश में एक साथ संचालित किया जा रहा है।जिससे आम नागरिकों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय मिल सके।जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिले के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाए जा रहे हैं।जागरूकता संबंधी पोस्टर व बैनर लगाए गए हैं तथा आम नागरिकों के बीच प्रत्यक्ष जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को मध्यस्थता के लाभ, प्रक्रिया तथा इसके माध्यम से होने वाले समय और धन की बचत के बारे में जानकारी दी जा रही है।अभियान के अंतर्गत वैवाहिक



विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक एवं सेवा विवाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली से जुड़े मामले, विभाजन व बंटवारा मामले, बेदखली से संबंधित विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य उपयुक्त दीवानी प्रकृति के मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजा जा सकता है। इन मामलों का समाधान आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है।डालसा साहिबगंज द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और अपने लंबित मामलों के शीघ्र, शांतिपूर्ण एवं बिना खर्च समाधान के लिए मध्यस्थता को अपनाएँ। यह अभियान न केवल न्यायालयों पर बढ़ते भार को कम करेगा, बल्कि समाज में आपसी समझ, सौहार्द और विश्वास को भी सुदृढ़ करेगा।

# यह वही प्यार की कहानी है जो दिल में रह जाती है, दो दीवाने सहर में के टीजर की हो रही जमकर तारीफ




## मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म दो दीवाने सहर में का टीजर आउट

जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में का फर्स्ट लुक बेहद अनोखे अंदाज में सामने आने के बाद अब इस वन-ऑफ-ए-काइंड रोमांटिक ड्रामा का टीजर भी रिलीज हो गया है। यह कहानी एक ऐसे प्यार की झलक देती है जो बिल्कुल रियल है, सरप्राइज से भरा हुआ है और सीधे दिल को छू जाता है। जहां फर्स्ट लुक ने दो इम्परफेक्ट लोगों के बीच परफेक्ट प्यार का सपना दिखाया था, वहीं टीजर एक मॉडर्न रोमांस का वादा करता है, जो किसी ऐसी याद जैसा महसूस होता है जिसे आप जाने-अनजाने अब तक संभाले हुए थे।

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर दो दीवाने सहर में को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच आखिरकार इसका टीजर रिलीज हो गया है। पहली ही फ्रेम से रियल रोमांस की फील पकड़ता यह टीजर लगभग-प्यार, प्यार के शायदों और उससे जुड़े अनगिनत संभावनाओं के सफर पर ले जाता है। टीजर को और भी खास बनाता है मेकर्स का वह ऑथेंटिक टच, जिसमें आइकॉनिक गाना दो दीवाने सहर में को परफेक्ट बैकड्रॉप के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इसकी म्यूज़िक फीलिंग्स से भरपूर है और फिल्म की सुकून भरी लव थीम को बेहद खूबसूरती से कॉम्प्लीमेंट करता है।

**धर्मशाला क्रिकेट मैच टिकट :** इसके अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की मैजिकल केमिस्ट्री दिल जीत लेने वाली लगती है। दोनों ऐसे किरदार निभा रहे हैं जो अभी खुद को समझने की जर्नी पर हैं, और लव स्टोरीज में ऐसा कम ही देखने को मिलता है। सच्चे रोमांस और इमोशनल गहराई के साथ, यह जोड़ी साल की सबसे दिल छू लेने वाली ऑन-स्क्रीन पेयरिंग्स में से एक बनकर उभरती नजर आती है।

टीजर रिलीज होने के साथ ही अब ट्रेलर को लेकर एक्साइटमेंट अपने चरम पर पहुंच चुकी है। यह फिल्म उन लोगों के लिए एक वैलेंटाइन गिफ्ट की तरह आ रही है, जो मानते हैं कि प्यार थोड़ा उलझा हुआ, कन्फ्यूज़िंग और फिर भी पूरी तरह से वर्थ इट होता है। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको यह नहीं बताती कि क्या महसूस करना है, बल्कि आपको खुद उसे महसूस करने का मौका देती है।

जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की प्रस्तुति दो दीवाने सहर में में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है। इसे संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने रवि उदयावर फिल्म्स के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में का पहला लुक बेहद अनोखे अंदाज में पेश करने के बाद, मेकर्स ने इस खास रोमांटिक ड्रामा का टीजर रिलीज किया। टीजर आते ही लोगों के दिल को छू गया। यह टीजर एक ऐसी प्रेम कहानी की झलक देता है जो सच्ची लगती है, अलग है और जिससे लोग आसानी से जुड़ सकते हैं।

पहला लुक जितनी उत्सुकता पैदा करता है, टीजर उसे और भी खूबसूरती से आगे बढ़ाता है। यह दो अधूरे लेकिन सच्चे लोगों के बीच के परफेक्ट प्यार का सपना दिखाता है और एक ऐसी आधुनिक प्रेम कहानी का वादा करता है, जो किसी प्यारी-सी याद की तरह दिल में बस जाती है – ऐसी याद, जिसे आप कब से संभाले हुए थे, आपको खुद भी पता नहीं होता। टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया और लोग खुलकर अपनी तारीफ जाहिर करने लगे।


**नेटिजन्स क्या कह रहे हैं:**

एक यूजर ने लिखा, यह वही प्यार की कहानी है जो आपके साथ रह जाती है । इंतजार नहीं हो रहा।

एक और यूजर ने लिखा, सिद्धांत + मृणाल = सुकून वाली फीलिंग बहुत खूबसूरत लग रहा है। एक यूजर ने कमेंट किया, ना ज्यादा शोर, ना ड्रामा, बस दो लोग और एक एहसास एक और यूजर ने लिखा, म्यूज़िक बहुत सुकून देता है, क्या टीजर है यार । एक यूजर ने कहा, यार, यह टीजर बहुत ही शांत और दिल को छू लेने वाला है । बैकग्राउंड म्यूज़िक और विजुअल्स सीधे दिल तक पहुंचते हैं।

जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की प्रस्तुति दो दीवाने सहर में में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है। इसे संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने रवि उदयावर फिल्म्स के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# राम चरण का जबरदस्त बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन आया सामने, पेड्डी को लेकर बढ़ी फैंस की एक्साइटमेंट



**200 मिलियन** से ज्यादा व्यूज और 20 लाख से ज्यादा लाइक्स के साथ पेड्डी दुनियाभर में फैन्स की फेवरेट बन चुकी है और 2025 की सबसे ज्यादा ट्रेंड करने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। फिल्म पेड्डी के मेकर्स ने राम चरण की नई तस्वीरें शेयर कर फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में अभिनेता अपने रोल की तैयारी में पूरी मेहनत करते दिख रहे हैं। तस्वीरों में राम चरण बिना शर्ट के वर्कआउट करते नजर आ रहे हैं, जिससे उनकी फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन का अंदाजा लगता है।

राम चरण, जो अपने डेडिकेटेड और इमर्सिव परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, पेड्डी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उनकी इंटेंस लुक और फिजिकल फिटनेस इन तस्वीरों में साफ नजर आ रही है, जो दिखाती हैं कि उनका किरदार गहराई, डिसिप्लिन और असली ताकत की मांग करता है।

बुच्ची बाबू सना द्वारा लिखी और निर्देशित पेड्डी में राम चरण टाइटल रोल में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ शिवा राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। वेंकट सतीश किलारू के प्रोडक्शन हाउस वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले बनी यह फिल्म, माइथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से तैयार की जा रही है और पेड्डी 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# अक्षय कुमार के काफिले की कार का एक्सीडेंट, ऑटोरिक्शा से हुई टक्कर, 2 घायल

**हैदराबाद:** बीती सोमवार रात मुंबई के जुहू इलाके में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की सुरक्षा गाड़ी एक भयंकर सड़क हादसे का शिकार हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार की काफिले की गाड़ी की कई गाड़ियों से टक्कर हुई, जिसमें दो लोग घायल हुए। घायलों में एक ऑटो रिक्शा चालक भी शामिल है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के समय अक्षय कुमार वाहन में सवार नहीं थे।



पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'जुहू में दो कारों और एक ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। दो लोग घायल हो गए और उन्हें तत्काल इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। आगे की जांच जारी है'।

पुलिस के अनुसार, यह घटना तब घटी जब एक कार ने पीछे से एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण रिक्शा पलट गया और अक्षय के साथ चल रहे वाहन से जा टकराया, जो उसी सड़क पर चल रहा था। अचानक हुई इस टक्कर से रिक्शा को भारी नुकसान पहुंचा और इलाके में कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

दुर्घटनास्थल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इन वीडियो में स्थानीय निवासी और पुलिस अधिकारी घायल यात्रियों को बचाने के लिए मिलकर काम करते हुए दिखाई दिए। एम्बुलेंस के आने से पहले ही लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और एक घायल व्यक्ति को मलबे से सावधानीपूर्वक बाहर निकालते हुए देखा गया।

ऑटो-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके भाई मोहम्मद समीर ने मीडिया से बात करते हुए घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'यह घटना रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच हुई। मेरा भाई रिक्शा चला रहा था, तभी अक्षय कुमार की इनोवा और एक मर्सिडीज उसके पीछे आ रही थीं। मर्सिडीज ने इनोवा को टक्कर मारी, जिसके चलते इनोवा रिक्शा से टकरा गई। परिणामस्वरूप, मेरा भाई और एक सवारी रिक्शा के नीचे दब गए'।

उन्होंने आगे कहा, 'पूरा रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और मेरे भाई की हालत बेहद गंभीर है। हमारी बस यही गुजारिश है कि मेरे भाई को उचित चिकित्सा उपचार, आवश्यक दवाइयां मिलें और क्षतिग्रस्त रिक्शा के लिए मुआवजा दिया जाए। हमें इसके अलावा और कुछ नहीं चाहिए'।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुर्घटना में शामिल वाहन अक्षय की निजी सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाता है और उस समय वाहन में प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। अभिनेता के परिवार का कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज जारी है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः नोवाक जोकोविच की 100वीं जीत, मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से दी मात




**एजेंसी/ मेलबर्न:** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी 100वीं जीत दर्ज की। उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। मैच करीब दो घंटे चला और सीधे सेटों में जीत के बाद जोकोविच संतुष्ट नजर आए। इस जीत के साथ वे चार में से तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 100 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में अन्य बड़े खिलाड़ियों ने भी शानदार शुरूआत की। अमरीका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ, डेनियल मेदवेदेव, वर्ल्ड नंबर-6 एलेक्स डी मिनॉर और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कराज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई।

महिला वर्ग में वीनस विलियम्स ने इतिहास रचते हुए विमेंस सिंगल्स का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं, 300 से ज्यादा रैंक वाली क्वींसलैंड की स्टॉर्म हंटर ने उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-40 खिलाड़ी बाउजस मानेइरो को हराया। तीसरी सीड गॉफ ने रॉड लेवर एरीना में खेले गए पहले राउंड के मुकाबले में उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली।

म्मेदवेदेव ने नीदरलैंड के खिलाड़ी को दी मातः डेनियल मेदवेदेव ने भी सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के खेले गए मुकाबले में नीदलैंड के जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, और 7-6 से हराकर दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026: टी20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका को बड़ा झटका

# दुनिया के सबसे खतरनाक फिनिशर डोनोवन फरेरा के कंधे में फ्रेक्चर



**एजेंसी/ जोहान्सबर्ग:** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा झटका लगा है। जोबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (पीसी) के बीच खेले गए एसए 20 मैच के दौरान डोनोवन फरेरा के कंधे में फ्रेक्चर हो गया है। इस खतरनाक बैटिंग ऑलराउंडर को टी20 वर्ल्ड कप के लिए फिनिशर और बैकअप विकेटकीपर के तौर पर चुना गया था। फरेरा का अब सात फरवरी से खेले जाने वाले मेगा इवेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक प्रोटियाज की तरफ से उनके बाहर होने की पुष्टि नहीं की गई है।

दरअसल, यह घटना शनिवार रात कैपिटल्स की पारी की आखिरी गेंद पर हुई। फरेरा कवर बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे, इसी दौरान उन्होंने एक चौका रोकने के लिए पूरी ताकत से छलांग लगाई, लेकिन वह अजीब तरह से अपने बाएं कंधे पर गिरे और तुरंत दर्द से कराहते नजर आए। चोट के बावजूद वह बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन एक गेंद ही खेल पाए। वह मुश्किल से अपना हाथ हिला पा रहे थे और चोट के कारण रिटायर हो गए। मैच के बाद उन्होंने माना कि उन्हें अच्छा महसूस नहीं हो रहा है। अब स्कैन में फ्रेक्चर की पुष्टि हो गई है। फरेरा चोट के कारण एसए-20 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं, जो सुपर किंग्स के लिए एक बड़ा झटका है।



# पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेंगी भारत की अगवाई

**जकार्ता:** पिछले सप्ताह पहले राउंड में बाहर होने के बाद, पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेट में भारत की चुनौती की अगवाई करते हुए वापसी करने की कोशिश करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पीवी सिंधु इस महीने की शुरूआत में सीजन के पहले मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं और पहले राउंड में जापान की कम रैंक वाली मनामी सुइजू का सामना करेंगी।

## 120 बहादुर ने ओटीटी पर छोड़ी गहरी छाप, फरहान अख्तर के सच्चे अभिनय को मिला दर्शकों का प्यार

**जैसे** ही 120 बहादुर की बहुप्रतीक्षित ओटीटी रिलीज हुई है, मेजर शैतान सिंह भाटी के रूप में फरहान अख्तर का अभिनय देशभर के दर्शकों को भावनात्मक रूप से गहराई से छू रहा है। त्याग, कर्तव्य और शांत वीरता पर आधारित यह फिल्म अपनी सादगी भरी कहानी और फरहान के भीतर से किए गए अभिनय के लिए खूब चर्चा में है। दर्शक इसे शोर-शराबे या दिखावे वाली फिल्म नहीं मान रहे, बल्कि इसकी भावनात्मक सच्चाई और ईमानदारी की सराहना कर रहे हैं। *120 बहादुर* को एक ऐसी युद्ध फिल्म के रूप में देखा जा रहा है जो तमाशे की बजाय स्मृति और सम्मान को महत्व देती है। सोशल मीडिया पर दर्शक बता रहे हैं कि यह फिल्म स्क्रीन खत्म होने के बाद भी मन में बनी रहती है।

### सबरीमाला सोना चोरी मामला

# केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 जगहों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सबरीमाला सोने की चोरी के मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस मामले में कुल मिलाकर, एसआईटी ने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी लोग इस वक्त ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं।

ईडी की यह तलाशी ऐसे समय में हो रही है जब केरल हाई कोर्ट की देखरेख में काम कर रही एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) मंदिर से सोने की कथित हेराफेरी की समानांतर आपराधिक जांच जारी रखे हुए है। ईडी ने मुख्य आरोपियों के घरों पर तलाशी शुरू की, जिनमें पहले आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी, सीपीआई(एम) नेता मुरारी बाबू, ए पद्मकुमार और एन वासु शामिल हैं। साथ ही, बेल्लारी के सोने के व्यापारी गोवर्धन और चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशंस के सीईओ पंकज भंडारी से जुड़े ठिकानों पर भी तलाशी ली गई, जिन पर सोने की प्लेटों को पिघलाने और ठिकाने लगाने में मदद करने का आरोप है।




तिरुवनंतपुरम में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के हेडक्वार्टर में भी तलाशी शुरू की गई। तिरुवनंतपुरम के पास किलिमानूर और बेंगलुरु के श्रीरामपुरा में उन्नीकृष्णन पोट्टी के घरों, कोट्टायम में मुरारी बाबू के घर, पेटा में एन वासु के घर और अरनमुला में ए पद्मकुमार के घर पर भी छापेमारी की जाने की खबर है।

ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तांत्रिक कंटारार राजीव के घर पर अभी तक कोई तलाशी नहीं ली गई है। ईडी ने अपराध से मिले पैसे की कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए पुलिस एफआईआर की तरह एक एनफोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। जांचकर्ता फंड के सोर्स, पैसे के लेन-देन और संपत्ति छिपाने की संभावना की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर अनुपात से ज्यादा संपत्ति मिलती है, तो संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जा सकती है। इस जांच की देखरेख ईडी की कोच्चि यूनिट के एडिशनल डायरेक्टर राकेश कुमार कर रहे हैं। इस बीच, केरल हाई कोर्ट ने मंगलवार को एसआईटी को सबरीमाला मंदिर में जांच करने का निर्देश दिया है ताकि कथित सोने की चोरी के पीछे की साजिश और काम करने के तरीके का पता लगाया जा सके। वैज्ञानिक नतीजों के आधार पर, मंदिर के अंदर और आसपास सबूत इकट्ठा करने का काम चल रहा है।

# माफी मांगने में बहुत देर हो गई, कर्नल सोफिया पर बयान देने वाले मंत्री पर भड़का सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। शाह की ऑनलाइन माफी पर सोमवार को कोर्ट ने कहा कि इसमें अब बहुत देर हो गई है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर दो हफ्ते के भीतर फैसला लें। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बैंच ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि राज्य सरकार विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट पर कई महीनों से कोई फैसला नहीं ले रही है, जबकि विशेष जांच दल ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

बता दें कि 11 मई को इंदौर के महू में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था कि उन्होंने (आतंकियों ने) कपड़े उतार-उतार कर हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन (कर्नल सोफिया कुरैशी) को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। शाह ने आगे कहा कि अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी।

# कोई भी देश लोगों की चुप्पी से महान नहीं बनता, लालच की संस्कृति छोड़ अपने विचार-मत व्यक्त करने होंगे

**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपना अहम मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश महान तब तक नहीं बनता, जब तक कि उसके लोग अपने मतों को अपने विचारों को स्वतंत्रता के साथ व्यक्त नहीं करते। उन्होंने कहा कि हमें भी अपने विचारों के लिए संघर्ष करना होगा। लालच की संस्कृति को त्यागकर हमें अपनी आवाज को उठाना होगा। लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा कि पूरे देश में हम ऐसे कई लोगों को देखते हैं, जो किसी बात पर अगर विश्वास भी करते हैं, तब भी उसे कहने का साहस नहीं करते हैं। उन्हें समझना होगा कि कोई भी राष्ट्र चुप्पी से महान नहीं बनता है। महान राष्ट्र और महान लोग तब महान बनते हैं, जब वे अपने विचारों और मतों को व्यक्त करते हैं और उनके लिए संघर्ष करते हैं। राहुल जब यह भाषण दे रहे थे, तब एक दुभाषिया मलयालम भाषा में लोगों को अनुवादित करके उनका भाषण बता रहा था।



अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि चुप्पी की संस्कृति में लालच की भावना छिपी होती है। जैसे कि जब तक मुझे वह मिल रहा है, जिसकी मुझे जरूरत है, तब तक यह मायने नहीं रखता कि आसपास क्या हो रहा है। मुझे कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मैं लोगों को अपमानित होते हुए, उनकी हत्या होते हुए, उन्हें मारे जाते हुए देख सकता हूं। अगर ऐसा है, तो यही लालच की संस्कृति है। हमें इसे बदलना होगा। हालांकि, राहुल गांधी ने यहां पर किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनका यह बयान उन लोगों के लिए माना जा रहा है, जो सरकार के साथ असहमति रखते हैं, लेकिन इसके बाद भी खुलकर अपने विचारों को अभिव्यक्त नहीं करते, क्योंकि कहीं न कहीं उन्हें अपने लाभ बंद होने या सरकार के निशाने पर आने का डर रहता है।

### आतंकवाद पर स्पष्ट और सख्त रुख अपनाए पोलैंड

# जयशंकर की दोटूक, हमारे पड़ोस में आतंक को न दें बढ़ावा

**एजेंसी/ नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के अपने समकक्ष और उपप्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की से मुलाकात की। जयशंकर ने इस दौरान कहा कि पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए और भारत के पड़ोस में आतंकी ढांचे को किसी भी तरह से बढ़ावा नहीं देना चाहिए। जयशंकर की यह टिप्पणी पिछले वर्ष अक्तूबर में पोलैंड-पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर का उल्लेख किए जाने की पृष्ठभूमि में अहम मानी जा रही है। बैठक में जयशंकर ने कहा कि सिकोरस्की इस क्षेत्र से भली-भांति परिचित हैं और लंबे समय से चले आ रहे सीमा-पार आतंकवाद की समस्याओं को समझते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि हाल की क्षेत्रीय यात्राओं के अनुभवों पर चर्चा उपयोगी रहेगी और पोलैंड आतंकवाद के मुद्दे पर स्पष्ट एवं सख्त रुख अपनाएगा।



बैठक में दोनों नेताओं ने बदलते वैश्विक हालात पर विचार साझा किए और कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित देशों के लिए नजरियों का आदान-प्रदान उपयोगी है। तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए सिकोरस्की की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब यूरोपीय संघ का शीर्ष नेतृत्व भी जल्द भारत आने वाला है।व्यापार और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा बैठक में व्यापार, निवेश, रक्षा व सुरक्षा, स्वच्छ तकनीक और डिजिटल नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर के मुताबिक, पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब सात अरब डॉलर तक पहुंच चुका है और पोलैंड में भारत का निवेश तीन अरब डॉलर से अधिक हो गया है, जिससे वहां रोजगार के नए अवसर बने हैं। जयशंकर ने भारत और पोलैंड के पुराने और मानवीय रिश्तों का जिक्र किया। जयशंकर ने यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दोहराते हुए कहा कि इस मुद्दे पर भारत को चुनिंदा ढंग से निशाना बनाना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। उनका इशारा पश्चिमी देशों द्वारा रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों को लेकर की जा रही आलोचना की ओर था। इस पर पोलैंड के विदेश मंत्री ने भी सेलेक्टिव टारगेटिंग को गलत बताते हुए जयशंकर की बात से सहमति जताई।



## 3 दिन में सरेंडर करो नहीं तो.., ईरान ने प्रदर्शनकारियों को दिया अल्टीमेटम

**तेहरान :** बीते साल दिसंबर के अंत में शुरू हुए प्रदर्शनों ने ईरान को हिलाकर रख दिया था। अब हालात काफी हद तक शांत हो गए हैं और खामेनेई शासन ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने सोमवार को दंगाइयो को तीन दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का अल्टीमेटम दिया है, चेतावनी दी है कि ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने साथ ही यह भी कहा है कि वह उन आर्थिक समस्याओं से निपटेगी, जिनकी वजह से प्रदर्शन भड़के थे। हालांकि मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि प्रदर्शन दबाने की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए हैं। महंगाई और ईरानी मुद्रा की गिरावट से शुरू हुए ये प्रदर्शन जल्द ही खामेनेई शासन को हटाने की मांग में बदल गए। हालात काबू में करने के लिए सरकार ने इंटरनेट सेवाएं और अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर रोक लगा दी थी, जिससे वास्तविक स्थिति की जानकारी सीमित रही। अधिकारियों का कहना है कि इंटरनेट धीरे-धीरे बहाल किया जाएगा।

पुलिस प्रमुख अहमद-रेजा रादान ने कहा कि कुछ युवा भ्रम में दंगों में शामिल हुए और यदि वे आत्मसमर्पण करते हैं तो उनके साथ नरमी बरती जाएगी। वहीं सरकार का दावा है कि प्रदर्शनों को हिंसक बनाने में अमेरिका और इजरायल की भूमिका रही। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि ईरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मौत की सजा को धमकी के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। मानवाधिकार समूहों के अनुसार, प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में हजारों गिरफ्तारियां हुई हैं और मृतकों की संख्या 3,000 से अधिक हो सकती है, जबकि वास्तविक आंकड़ा इससे ज्यादा होने की आशंका जताई जा रही है।

### अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्राधिकरण का नोटिस

# सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद कैसे बन गए शंकराचार्य,24 घंटे में दें जवाब

**प्रयागराज :** माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की शोभायात्रा रोके जाने के बाद चल रहे विवाद में नया मोड़ आ गया है। माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर उनसे यह स्पष्ट करने को कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद उन्होंने अपने नाम के आगे शंकराचार्य की उपाधि क्यों लिखी है।

प्राधिकरण की ओर से भेजे गए नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में लंबित सिविल अपील का हवाला देते हुए कहा गया है कि इस मामले में अभी तक कोई अंतिम आदेश पारित नहीं हुआ है। ऐसे में वर्तमान में कोई भी धमार्चार्य ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेकित नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद मेला क्षेत्र में लगे शिविर के बोर्ड पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने नाम के आगे शंकराचार्य अंकित किया है। प्राधिकरण ने 24 घंटे के भीतर बोर्ड में आवश्यक सुधार करने और इसका कारण स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।



गौरतलब है कि मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में शोभायात्रा के साथ स्नान करने जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को रोके जाने के बाद यह विवाद गहराता चला गया। स्वामी ने इसे अपना अपमान बताते हुए और अपने शिष्यों के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता किए जाने का आरोप लगाते हुए मेला प्रशासन के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। रविवार को महास्नान के दौरान स्वामी द्वारा संगम में डुबकी न लगाए जाने के मामले में सोमवार दोपहर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपना पक्ष सामने रखा।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि स्वामी को स्नान करने से रोका नहीं गया था, बल्कि उनसे आग्रह किया गया था। प्रशासन की आपत्ति पहिया लगी पालकी को लेकर थी, जिस पर सवार होकर वे संगम नोज तक जाना चाहते थे। उस समय संगम नोज पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ थी और ऐसी स्थिति में पालकी के साथ वहां पहुंचने से भगदड़ या किसी अन्य अप्रिय घटना की आशंका थी। बताया गया कि रविवार को माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पहिया लगी पालकी के साथ शिविर से संगम की ओर निकल रही शोभायात्रा को पुलिस ने रोक दिया था। इससे आक्रोशित शिष्यों और पुलिस के बीच झड़प हो गई, जिसके बाद पुलिस ने कुछ शिष्यों को हिरासत में ले लिया। शिष्यों की ओर से स्वामी के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती त्रिवेणी मार्ग स्थित अपने शिविर के गेट के सामने धरने पर बैठ गए। वहीं पुलिस का आरोप है कि शिष्यों ने बैरिकेडिंग तोड़ी। पुलिस ने शिष्य प्रत्यक्षचैतन्य मुकुंदानंद गिरि सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है।



## कर्नाटक में अश्लील वीडियो कांड पर सरकार का एक्शन, डीजीपी रामचंद्र राव को किया सस्पेंड

**नई दिल्ली /एजेंसी:** कर्नाटक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय (डीसीआरई) के महानिदेशक (डीजीपी) रामचंद्र राव को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई है। वीडियो में वह एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं, जिससे राज्य में भारी विवाद खड़ा हो गया है।

हालांकि, रामचंद्र राव ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि उन्हें फंसाया जा रहा है और वीडियो पूरी तरह से फर्जी हैं। वीडियो सामने आने के बाद वह कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से मिलने उनके आवास पहुंचे थे, लेकिन दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी। गृह मंत्री के आवास के बाहर मीडिया से बातचीत में रामचंद्र राव ने कहा कि यह पूरा मामला मनगढ़ंत है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रामचंद्र राव को उनके कार्यालय में एक महिला के साथ आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। एक वीडियो में वह पुलिस वर्दी में कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में वह सूट पहने हुए हैं। दोनों ही वीडियो में उनके कार्यालय में भारतीय ध्वज तिरंगा और पुलिस विभाग का प्रतीक चिन्ह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

सूत्रों के मुताबिक, ये वीडियो कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों से रिकॉर्ड किए गए हैं और करीब एक साल पुराने बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो फिल्म अभिनेत्री रान्या राव की सोना तस्करी के मामले में गिरफ्तारी से पहले के हैं। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन वीडियो को इसी समय सार्वजनिक क्यों किया गया।

गौरतलब है कि रामचंद्र राव पहले भी विवादों में रह चुके हैं। वह जेल में बंद अभिनेत्री रान्या राव के सौतेले पिता हैं। रान्या राव को मार्च 2025 में सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पिता के पद का लाभ उठाकर सरकारी प्रोटोकॉल का दुरुपयोग किया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गोईलकेरा में बंद पड़े घर में मिली अज्ञात युवक की झुलती लाश

**चक्रधरपुर :** गोईलकेरा थाना क्षेत्र के आराहासा पंचायत के लाजोरा गांव में एक बंद पड़े घर से पुलिस ने एक अज्ञात युवक की झुलती हुई लाश बरामद की है। पुलिस शव को जब्त कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है तथा युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक लाजोरा गांव में बंद पड़े एक घर में झुलती हुई एक युवक की लाश देख कर स्थानीय लोगों ने मंगलवार सुबह गोईलकेरा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को जब्त कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है तथा युवक की पहचान कराने में जुट गई है।

### विद्यार्थियों को दिखाई उद्यमिता की राह

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, करियर प्लानिंग और प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी नीतियों, स्टार्टअप फंडिंग, मुद्रा योजना और एमएसएमई पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी देना रहा। मुख्य वक्ता जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज के दौर में रोजगार खोजने के बजाय रोजगार सृजन की सोच विकसित करनी चाहिए। उद्यमिता केवल पूंजी पर नहीं, बल्कि विचार, नवाचार और धैर्य पर आधारित होती है। उन्होंने ऑनलाइन मार्केटिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स को अपनाने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ। मोहम्मद रेयाज ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में उद्यम के महत्व को समझकर छात्रों को आने वाली चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

### रेलवे के रिटायर प्वाइंटमैन फिर से करेंगे काम

**जमशेदपुर :** लाइन की सुरक्षा को लेकर रेलवे रिटायर प्वाइंटमैन फिर से अनुबंध पर बहाल करने की तैयारी में है। आसनसोल मंडल रेलवे में अभी 40 रिटायर प्वाइंटमैन को लाइन सुरक्षा ड्यूटी में लगाने की योजना पर काम शुरू है। इससे काम करने की इच्छुक रिटायर प्वाइंटमैन से रेल प्रशासन ने 4 फरवरी तक आवेदन मांगा है। मालूम हो कि पहले भी परिचालन और सेफ्टी विभाग के रिटायर कर्मचारियों को बहाल करने का आदेश हुआ था। जिसका रेलवे में सक्रिय विभिन्न यूनियन विरोध करने के साथ नए लोगों को नियुक्त करने की मांग कर रही है।

### हाईकोर्ट के सुनवाई पर स्टेशन रोड के दुकानदारों की नजर

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन चौक से कीताडीह व खासमहल रोड की लीजधारी दुकानदारों की नजर झारखंड हाईकोर्ट की सुनवाई पर लगी है। अपराह्न तीन बजे तक हाईकोर्ट में टाटानगर रेलवे के कीताडीह व खासमहल रोड की दुकानों को तोड़ने या फिर कहीं और बसाने पर आदेश हो सकता है। इससे टाटानगर रेलवे के इंजीनियरिंग पदाधिकारी एवं कई दुकानदार भी हाईकोर्ट में जमे हैं। इधर, दुकानों के मलवे में लोग ईट, छड व अन्य सामान तलाश रहे हैं ताकि बेचकर कुछ रकम पा सके। मालूम हो कि टाटानगर स्टेशन पुनर्विकास को लेकर दुकानों को हटने का आदेश रेलवे में हुआ है।

### दिल्ली की ट्रेनों में गणतंत्र दिवस को लेकर पार्सल की बुकिंग होगी प्रभावित

**जमशेदपुर :** गणतंत्र दिवस को लेकर टाटानगर से दिल्ली के आसपास के स्टेशनों पर जाने वाली ट्रेनों में दो दिन बाद से पार्सल की बुकिंग नहीं होगी। इससे यात्रियों के साथ व्यापारियों को भी दिक्कत होगी क्योंकि जालंधर दिल्ली एवं अन्य स्टेशनों से सामान गणतंत्र दिवस समारोह के बाद ही जमशेदपुर आ सकेगा। बताया जाता है दिल्ली के आसपास के स्टेशनों से न किसी ट्रेन में पार्सल लोड होगा न दूसरे स्टेशन से जाने वाले की अनलोडिंग हो पाएगी।

### कांग्रेस से कैरव के पिता से मिलकर साथ देने का वादा किया

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को देवांग गांधी के आवास पर पहुंच कर चिंता की इस घड़ी में उनका साथ देने का वादा किया। देवांग गांधी के पुत्र कैरव गांधी के अपहरण के कारण विपत्ति के इस समय में परिवार से मिलकर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि विगत सात दिनों से अपहताओं का कोई सुराग नहीं मिलने के कारण जमशेदपुर औद्योगिक नगर में व्यापारियों के बीच में भारी रोष व्याप्त है। इस विषय का जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दी जाएगी। ताकि प्रशासन पर दवाब बढ़ाया जा सके और कैरव सुरक्षित घर लौटें।
प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य अशोक चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार झा, प्रदेश सचिव महेन्द्र मिश्रा, रजनीश सिंह, आशुतोष सिंह, फिरोज खान, आशीष मुखी आदि शामिल रहे।

### सेंट्रल लैबोरेट्री के लिए नोडल पदाधिकारी बने डॉ उमाशंकर सिंह

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेंट्रल लैबोरेट्री को तैयार करने के लिए डॉक्टर उमाशंकर सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है और कहा गया है कि वह जल्द से जल्द सेंट्रल लैबोरेट्री को तैयार कराएं। जानकारी हो कि डॉक्टर उमाशंकर सिंह पैथोलॉजी डिपामेंट में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

### आकांक्षा परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी तक बढ़ी

**जमशेदपुर :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आकांक्षा परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जनवरी कर दी है। परिषद के अनुसार कई जिलों से अपेक्षा के अनुरूप आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। आकांक्षा परीक्षा मेधावी छात्र-छात्राओं के चयन के लिए आयोजित की जाती है। परिषद ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें। परिषद ने बताया कि पहले सभी जिलों के लिए आवेदन का लक्ष्य निर्धारित कर जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सूचित किया गया था।

### विधायक ने भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**बाघमारा :** बाघमारा कॉलेज में सोमवार को विधायक शत्रुघ्न महतो ने विद्यार्थियों के लिए फोर एसीआर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर जिला सासंद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, कॉलेज के प्रिंसिपल रंजन कुमार सिन्हा समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त भवन 73 लाख 53 हजार 6 सौ रुपये की लागत से डीएमएफटी फंड से बन रहा है।

# एनएच-22 निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर आदिवासी रैयतों ने की शिकायत

### जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लिया त्वरित संज्ञान

संवाददाता

**लातेहार :** आज गेरेंजा एवं चितरपुर ग्राम से आए आदिवासी समुदाय के रैयतों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-22 (एनएच-22) के निर्माण में उनकी भूमि अधिग्रहित किए जाने के बावजूद अब तक मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत को लेकर उपाध्यक्ष जिला परिषद, लातेहार, अनीता देवी से उनके आवास पर मुलाकात की।
रैयतों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उपाध्यक्ष अनीता देवी ने तत्काल जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार श्री अजय कुमार रजक से दूरभाष पर वार्ता की और भूमि के बदले लंबित मुआवजा राशि के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया।
रैयतों ने बताया कि नोटिस की प्रक्रिया लगभग पाँच वर्ष पूर्व शुरू की गई थी, लेकिन अब तक जिला कार्यालय से आवश्यक प्रतिवेदन राष्ट्रीय राजमार्ग



प्राधिकरण को प्रेषित नहीं किए जाने के कारण किसी भी रैयत को मुआवजा भुगतान नहीं हो सका है।इस पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अजय कुमार रजक ने मामले के सकारात्मक समाधान का आश्वासन देते हुए सभी प्रभावित रैयतों को अपने कार्यालय, लातेहार, बुलाया है, ताकि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।उपाध्यक्ष जिला परिषद अनीता देवी ने कहा कि आदिवासी रैयतों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है और इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर निरंतर समन्वय कर न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# राहुल दुबे गैंग में महिलाएं भी हो रही हैं शामिल, भारी मात्रा में हथियार बरामद



संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले में सक्रिय राहुल दुबे गैंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस गैंग में महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। पुलिस ने गैंग की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। साथ ही गैंग के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है।
दरअसल, कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग एक फायरिंग की साजिश रच रहा था, जिसे समय रहते पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने गिरोह के एक सक्रिय सदस्य बदमाश राजदीप साव और एक महिला सदस्य मुनिका कुमारी को हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार कर लिया।
बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि 18 जनवरी को उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलियरी इलाके में राहुल दुबे और उसके सहयोगी आशीष साव के निर्देश पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना बनाई गई थी। कोलियरी प्रबंधन द्वारा रंगदारी की रकम नहीं देने के कारण अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। योजना के तहत गिरोह के सदस्य मोटरसाइकिल से उरीमारी पहुंचे और कोलियरी क्षेत्र की रेकी की। शाम होने का इंतजार करने के लिए वे जंगल की ओर चले गए।
इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि उरीमारी ओपी क्षेत्र में राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हथियारों से लैस होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले हैं। सूचना का सत्यापन करते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया और एंटी क्राइम चेकिंग और छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान रिलैक्स होटल के पास से गिरोह के सक्रिय सदस्य राजदीप साव को गिरफ्तार किया गया।
राजदीप साव के पास से एक लोडेड पुलिस कार्बाइन, तीन जिंदा गोली, एक लोडेड देसी पिस्टल और दो जिंदा गोली बरामद की गई। कड़ाई से पूछताछ में राजदीप साव ने बताया कि गिरोह की महिला सदस्य केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदेगीर गांव में हथियार छुपाकर रखे हुए है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हेंदेगीर गांव में छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक युवती भागने लगी, जिसे महिला चौकीदार ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुनिका कुमारी बताया। घर की तलाशी के दौरान आलमीरा से एक लोडेड देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली, एके-47 राइफल की पांच मैगजीन और एसएलआर राइफल की पांच मैगजीन बरामद किया गया।

## चक्रधरपुर नप अध्यक्ष पद के लिए सन्नी उरांव का नाम जोरों पर

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद आरक्षित रहने के कारण इस बार भी चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प और रोमांचक होने की प्रबल संभावना दिखाई पड़ रही है क्योंकि इस बार अध्यक्ष पद के लिए कई लोग चुनाव में अपना भाग्य आजमाने के लिए अभी से ही तैयारी में जुट गए हैं ।
अध्यक्ष पद चुनाव के लिए चक्रधरपुर के लोकप्रिय विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सन्नी उरांव का नाम काफी जोरों पर है इसकी प्रमुख वजह यह है कि सन्नी उरांव विगत कई वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं और जन समस्याओं के निष्पादन हेतु हमेशा गंभीर रहते हैं, समस्याओं की जानकारी मिलने के साथ ही उसके समाधान हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं , शहरी क्षेत्र में भी निरंतर उनका जन आधार और पकड़ काफी मजबूत माना जा रहा है युवा होने के साथ-साथ सभी वर्गों और लोगों का व्यापक जन समर्थन उनके साथ रहने से उनकी स्थिति मजबूत दिखाई पड़ रही है ऐसा राजनीति प्रेक्षकों का मानना है ।
झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता के रूप में भी उनकी काफी मजबूत पकड़ है और युवाओं के बीच उनका खासा जन आधार भी ।
इसी के फल स्वरुप चक्रधरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अभी से ही काफी दिलचस्प और रोमांचक होने लगा है ।
मार्च माह के प्रथम सप्ताह में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर अभी से ही भीषण कड़ाके की ठंड में भी राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है।

### एक दिन में ही बढ़ गया न्यूनतम तापमान

**जमशेदपुर :** तापमान में लगातार वृद्धि होती जा रही है। एक और सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर पहुंच गया तो मंगलवार को न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री बढ़ गया। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री हो गया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान तेजी से वृद्धि हो रही है लेकिन तापमान में फिर से कमी आएगी और थोड़ी ठंड महसूस होगी।

# धनबाद में हाउसिंग बोर्ड के बंद फ्लैटों के लिए फिर होगी लॉटरी

संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में वर्षों से बंद पड़े हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट के लिए फिर से लॉटरी होगी। 68 फ्लैट की लॉटरी निकालने की तैयारी में विभाग जुट गया है। इसके पूर्व 2019 में हुई लॉटरी में एक भी प्लैट नहीं बिका था। इस पर लोगों का कहना है कि शहर में फ्लैट की सामान्य दर से ज्यादा हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट की कीमत रखी गई है। इस कारण फ्लैट नहीं बिके थे। एचआईजी की कीमत 56 लाख हाउसिंग बोर्ड के चार एचआईजी फ्लैट खाली हैं। एक एचआईजी फ्लैट 2100 वर्गफीट में बना हुआ है। इसमें चार कमरे, एक हॉल, पार्किंग की व्यवस्था है। कीमत 56 लाख रुपए है। वहीं 12 एमआईजी के 12 फ्लैट हैं। इसका एक फ्लैट 1045 वर्गफीट का है। दो कमरे, एक हॉल, पार्किंग की सुविधा है। इसकी कीमत 38 लाख रुपए है। वहीं जनता और आईएसएचए 10-15 लाख रूपए के बीच है। इसमें एक रूम, एक हॉल है। यह रेट 2019 में विज्ञापन की जरिए जारी हुआ था। फ्लैट अभी काफी जर्जर हो चुके हैं। वहीं हाउसिंग कॉलोनी के आसपास निजी अपार्टमेंट 30-40 लाख रुपए में थ्री बीएचके फ्लैट आसानी से मिल जाता है। फ्लैट खरीदने की प्रक्रिया हाउसिंग बोर्ड के कर्मियों ने बताया कि एचआईजी व एमआईजी सहित अन्य फ्लैट बिक्री के लिए हाउसिंग बोर्ड की ओर से विज्ञापन जारी किया जाता है। इसमें जो लोग लॉटरी में हिस्सा लेते है, उन्हें मकान मूल्य का 10 प्रतिशत राशि भुगतान करना है। आवंटन के बाद 20 प्रतिशत राशि देने पर फ्लैट में प्रवेश कर सकते हैं। शेष राशि हाउसिंग बोर्ड किस्तों में लेता है। इसके लिए लाभुक को 12.5 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा। वहीं जिन्हें फ्लैट आवंटित नहीं होगा, उनकी राशि लौटा दी जाएगी। ऋण की प्रक्रिया लंबी हाउसिंग कॉलोनी के फ्लैट के लिए लोन का आवेदन हाउसिंग बोर्ड कार्यालय धनबाद को करना होगा। इसके बाद यहां के कर्मचारी हाउसिंग बोर्ड मुख्यायल को पत्र लिखेंगे। यहां से भू-संपदा को पत्र लिखा जाएगा। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड के अनापत्ति प्रमाण पत्र देने पर बैंक लोन देगा। इसमें लाभुक को मासिक आय व आयकर रिटर्न के कागजात देना पड़ता है। फ्लैट का पूरा भुगतान होने तक उसका मालिकाना हक हाउसिंग बोर्ड रहेगा। फ्लैट बेचने पर 50% राशि बोर्ड को देनी होगी कर्मचारियों का कहना है कि आवंटित फ्लैट को बेचने पर उस वक्त की कुल कीमत की 50 प्रतिशत राशि हाउसिंग बोर्ड को भुगतान करनी होती है। इसके बाद ही खरीदने वाले के नाम फ्लैट होता है। फ्लैट 99 साल के लीज पर दिया जाता है। अवधि खत्म होने के बाद उस वक्त की कीमत का एक प्रतिशत जमा करने पर एग्रीमेंट का रिन्युअल करने प्रावधान है। हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष व सचिव ने फ्लैटों का निरीक्षण किया है।

## सारंडा के घोर नक्सल प्रभावित तोयबो गांव में सीआरपीएफ का सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित



संवाददाता

**गुवा :** 26वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमाण्डेन्ट राजीव रंजन के दिशा-निर्देश पर ए/26 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन क्षेत्र स्थित घोर नक्सल प्रभावित गांव तोयबो में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ए/26 बटालियन के कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक/जीडी अमरेश सिंह ने किया। इस अवसर पर तोयबो गांव के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को दैनिक जीवन, शिक्षा, कृषि एवं खेलकूद से संबंधित आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। बच्चों के पठन-पाठन को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल बैग, कॉपी, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल, रबर एवं ब्लू बॉल पेन प्रदान किए गए।वहीं ठंड से बचाव हेतु कंबल, रात के अंधेरे में उपयोग के लिए सोलर लालटेन तथा छाता वितरित किया गया। ग्रामीणों की घरेलू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पतीला (डेगचा) दिया गया, जबकि कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मक्का, करेला, उड़द, हरी सेम एवं टमाटर के बीज वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त गांव के युवाओं में खेल भावना विकसित करने हेतु फुटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल नेट, वॉलीबॉल नेट, क्रिकेट बैट एवं क्रिकेट बॉल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में निरीक्षक अमरेश सिंह के साथ उप निरीक्षक/जीडी सुरेन्द्र कुमार काची, तोयबो गांव के मुंडा बाली सकडी बोदरा तथा राज्य पुलिस के सहायक उप निरीक्षक जूलियस इक्का उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऐसे सिविक एक्शन कार्यक्रमों को जनकल्याणकारी बताते हुए इसकी सराहना की।

# गढ़वा में सांसद बीडी राम की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का हुआ आयोजन

### समीक्षा के दौरान कई सवालों का नहीं मिला जवाब

संवाददाता

**गढ़वा :** जिला के समाहरणालय सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों और राज्य एवं केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत तरीके से



समीक्षा की गई।
इस दौरान बैठक में पहुंचे भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव एवं गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी नाराज हो गए। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि पिछली बार दिशा की बैठक हुई थी, जिसमें मैं उपस्थित नहीं था। लेकिन जो जानकारी हासिल हुई उस पर कुछ सवालों का जवाब मिला और कुछ अधूरा रह गया। वहीं, गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि बहुत सारे सवाल किए गए लेकिन उसका ना तो विभाग और ना ही पदाधिकारी ने समुचित जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जिन सवालों को यहां उठाया गया है, उसका जवाब अधिकारी नहीं दे पाए। जिससे वह संतुष्ट नहीं हुए है।उनका कहना है कि जिले में लगातार बालू उत्खनन चल रहा है, वो भी अवैध रूप से तो इसका जिम्मेदार कौन है। वहीं मईयां सम्मान में 50 वर्ष पूर्ण होने के बाद लाभुकों का नाम काट दिया जा रहा है और जिसका जुड़ना चाहिए था, उसका काम सरकार नहीं कर पा रही है इसका भी जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उन सवालों को उनके द्वारा आगामी विधानसभा सत्र मे रखने का काम किया जाएगा।